

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 3 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल 2- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 87 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विस चुनाव के बीच क्या बदला

अभिनेता विक्रांत मैसी ने किया बॉलीवुड से संन्यास का ऐलान ◀◀ 6







## पलामू में नाबालिग के साथ दुष्कर्म, किशोरी की हालत गंभीर

**पलामू :** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किशोरी की हालत गंभीर है और उसे सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज कर लिया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

**खेत से जबरन ले जाकर दिया घटना को अंजाम :** जानकारी के मुताबिक हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत से जबरन कुछ दूरी पर ले जाकर एक 11 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया गया है। यह घटना सोमवार देर शाम की बताई जाती है। इस बारे में पीड़िता की मां ने बताया की वह घर में पढ़ाई कर रही थी, पढ़ाई के बाद वह अपने पुराने घर के पास धनियां की पती लेने के लिए खेत में गई थी। इसी बीच गांव के ही एक युवक ने उसे खेत से जबरन कुछ दूरी पर ले जाकर दुष्कर्म किया और धमकी दी अगर घर पर किसी को बताया तो ठीक नहीं होगा। घर लौटने पर वह काफी डरी सहमी हुई थी। देर रात जब उसको दर्द होने लगा तो उसने बताया की रवि कुमार ने गलत काम किया है।

**रात भर दर्द से तड़पती रही पीड़िता :** किशोरी रात भर दर्द से तड़पती रही। आज मंगलवार सुबह परिजनों ने उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जब पीड़िता की स्थिति में सुधार नहीं आया तो उसे सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया।

**घटना को लेकर क्या कहा पुलिस ने :** घटना की सूचना मिलने के बाद हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल पहुंचकर पीड़ित किशोरी का फर्द बयान( लिखित बयान) दर्ज किया। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया की पीड़िता का फर्द ब्यान के आधार पर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी है।

# रांची के बुढ़मू में स्प्लिंटर ग्रुप की धमकी का खौफ, बैंक से लेकर बाजार तक बंद

**मेट्रो रेज**

**रांची:** जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा गांव में कुछ आपराधिक तत्वों ने धमकी दे कर दहशत फैला दिया है। दहशत की वजह से उमेडंडा में बैंक से लेकर बाजार बंद है। वहीं पुलिस की टीम अपराधियों के खौफ को खत्म करने के लिए इलाके में अभियान चला रही है।

क्या है पूरा मामला

रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा गांव को उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से अलग होकर वी के एस तिवारी संगठन के पहाड़ी जी दस्ता ने मंगलवार को बंद करवा दिया है। गावं वालों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात में पहाड़ी जी दस्ता के चार से पांच सदस्य उमेडंडा पहुंचे थे और बाजार के दुकानदारों के साथ मारपीट करते हुए हथियार का भय दिखाया और मंगलवार को दुकान बंद करने का निर्देश दिया और चले गए।




इसके बाद मंगलवार को सुबह से ही उमेडंडा में सन्नाटा पसरा हुआ है। सभी दुकान बंद हैं और वाहन भी नही चल रहे हैं। सूचना पाकर थाना प्रभारी रितेश कुमार पुलिस बल के साथ उमेडंडा गए और दुकानदारों से दुकान खोलने का आग्रह किया, लेकिन दुकानदार दुकान खोलने के लिए तैयार नहीं हुए। उमेडंडा में स्थित इंडियन बैंक भी बंद है। उमेडंडा में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए पुलिस प्रशासन प्रयास कर रही है। पुलिस बल उमेडंडा में गस्ती कर रही है। पहाड़ी दस्ता के सदस्यों ने उमेडंडा बंद क्यों किया इसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है।

**इलाके में आतंक है टीपीसी का :** बुढ़मू इलाके में टीपीसी के साथ साथ पहाड़ी जी और कुछ लोकल क्रिमिनल्स गिरोह का आतंक है। यह इलाका बालू तस्करी के लिए जाना जाता है। बालू से मिलने वाली रंगदारी हर गिरोह को मिले इसलिए सब अपना खौफ कायम करने में लगे रहते हैं। इस बार तो एक छोटे से संगठन ने पूरे गांव को ही बंद करवा दिया है। थाना प्रभारी रितेश ने बताया कि गांव वालों को भय मुक्त कर दुकान खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। उग्रवादी संगठन के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस वजह से भी अब आम लोगों को दहशत में डालने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों को धमकी देने वाले सभी आपराधिक तत्वों की पहचान हो चुकी है और उनकी तलाश में छापेमारी भी हो रही है।

## 'बांग्लादेशियों को होटलों में नहीं मिलेगी एंट्री', ऑल त्रिपुरा होटल-रेस्टोरेंट ऐसोसिएशन का फैसला



**त्रिपुरा :** ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्तराँ ओनर्स एसोसिएशन (एथरोआ) ने कहा है कि पड़ोसी देश में भारतीय ध्वज के अपमान के मद्देनजर उसके सदस्य बांग्लादेशी मेहमानों को भोजन नहीं देंगे। एथरोआ के महासचिव सैकत बंद्योपाध्याय ने कहा कि सोमवार को हुई एक आपातकालीन बैठक में यह निर्णय लिया गया।

**हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया :** उन्होंने कहा, हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं और सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया है और अल्पसंख्यकों को बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के एक वर्ग द्वारा उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। पहले भी ऐसी घटनाएं होती थीं, लेकिन अब यह सीमा पार कर गई है।₹ उन्होंने कहा, ₹बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति वास्तव में चिंताजनक है। हम विभिन्न उद्देश्यों से त्रिपुरा आने वाले लोगों की सेवा करते हैं। हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ किए जा रहे व्यवहार की निंदा करते हैं।

**'बांग्लादेशी मरीजों को नहीं करेंगे इलाज' :** इससे पहले, मल्टी-स्पेशलिटी निजी अस्पताल आईएलएस अस्पताल ने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में बांग्लादेश के किसी भी मरीज का इलाज नहीं करने की घोषणा की थी। अस्पताल के मुख्य परिचालन अधिकारी गौतम हजारिका ने निर्णय की पुष्टि करते हुए कहा, ह्यह्यहम अपने अस्पताल में बांग्लादेश के लोगों का इलाज नहीं करने की मांग का पूरा समर्थन करते हैं। अखौरा चेक पोस्ट और आईएलएस अस्पतालों में हमारे हेल्प डेस्क आज से बंद कर दिए गए हैं।

**अल्पसंख्यकों पर हमले असम्मानजनक :** गौतम हजारिका की टिप्पणी उन लोगों के एक समूह के जवाब में आई है, जिन्होंने अस्पताल में विरोध प्रदर्शन करके मांग की थी कि बांग्लादेशी नागरिकों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान नहीं की जाएं। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांग के समर्थन में बांग्लादेश में भारतीय ध्वज के प्रति अनादर और हिंदुओं के इलाज को लेकर बढ़ती चिंताओं का हवाला दिया था। प्रदर्शनकारियों में से एक ने कहा, ह्यह्यभारतीय राष्ट्रीय ध्वज का अपमान और अल्पसंख्यकों पर हमले पूरी तरह से असम्मानजनक हैं। कट्टरपंथी छात्रों को प्रशिक्षण दे रहे हैं कि हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अनादर कैसे किया जाए।

## पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई का निधन टाटा मोटर्स अस्पताल में ली अंतिम सांस

**मेट्रो रेज**

**जमशेदपुरः** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का निधन हो गया। उन्होंने टाटा मोटर्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे।



अर्जेुन मुंडा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर अपने बड़े भाई के निधन की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि व्यथित मन से बताना पड़ रहा है कि मेरे अभिभावक, मेरे बड़े भाई आदरणीय भीमसेन मुंडा जी अब हमारे बीच में नहीं रहे। यह पीड़ा असहनीय है और उनकी कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता। वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रहे थे। आज सुबह हम सभी को छोड़कर चले गये। अर्जुन मुंडा ने बताया कि जमशेदपुर, घोड़ाबांधा स्थित घर से मेरे बड़े भाई भीमसेन मुंडा जी की अंतिम यात्रा मानगो में स्थित स्वर्णरेखा घाट के लिए प्रस्थान करेगी। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

व्यथित मन से बताना पड़ रहा है कि मेरे अभिभावक, मेरे बड़े भाई आदरणीय भीमसेन मुंडा जी अब हमारे बीच में नहीं रहे। यह पीड़ा असहनीय है और उनकी कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता। वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रहे थे और आज प्रातः हम सभी को छोड़कर चले गये।झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि अर्जुन मुंडा के बड़े भाई 65 वर्षीय भीम सेन मुंडा लंबे समय से बीमार थे। उनका इलाज दिल्ली में चल रहा था। विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी तबियत काफी बिगड़ गई थी। इस दौरान अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी मीरा मुंडा ने दिल्ली जाकर भीमसेन मुंडा से मुलाकात भी की थी। कुछ दिन पहले ही उन्हें जमशेदपुर लाया गया था। जहां मंगलवार की सुबह टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। भीम सेन मुंडा एक सामाजिक कार्यकर्ता थे।

## राहुल गांधी से मिले गुलाम अहमद और केशव महतो, मंत्री पद के लिए नामों की सूची सौंपी



**रांची :** दिल्ली में कांग्रेस के मंत्री पद के बंटवारे को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राहुल गांधी से मुलाकात की। बैठक में संभावित नामों पर चर्चा हुई और मंत्री पद के लिए नामों की सूची राहुल गांधी को सौंपी गई। सूत्रों के अनुसार, पार्टी आलाकमान आज शाम तक 4 नामों पर अपनी सहमति दे सकता है। वहीं 5 या 6 दिसंबर तक मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना जताई जा रही है।

**कांग्रेस नेतृत्व पूरी तरह तैयार :** प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि कैबिनेट विस्तार की तिथि तय करना मुख्यमंत्री का अधिकार है। जैसे ही तारीख तय होगी, कांग्रेस अपनी सूची सौंप देगी। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भी कहा कि विधानसभा सत्र से पहले कैबिनेट विस्तार हो जाएगा और पार्टी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मंत्री पद का बंटवारा करेगी।

# संभल में जो घटना को लेकर विपक्ष ने किया सदन का वाकआउट

**नई दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र का आज सातवां दिन है। अखिलेश यादव ने संभल हिंसा पर लोकसभा में बोलते हुए केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि संभल में जो घटना हुई है, वह एक सोची समझी साजिश है और संभल में भाईचारे को गोली मारी गई है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों द्वारा पूरे देश में खुदाई की बातें देश के भाईचारे को नष्ट कर देंगी।

संभल मामले पर अखिलेश यादव ने कहा, ₹संभल में जो घटना हुई, वह एक सोची-समझी साजिश है। उत्तर प्रदेश में 13 नवंबर को उपचुनाव होने थे, लेकिन इसे 20 नवंबर तक टाल दिया गया। यह सरकार संविधान को नहीं मानती। संभल में शाही जामा मस्जिद के खिलाफ याचिका दायर की गई थी। दूसरे पक्ष की बात सुनने से पहले ही मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश पारित कर दिया गया। 19 नवंबर को सर्वेक्षण किया गया और रिपोर्ट कोर्ट को दी जानी थी।"

उन्होंने कहा कि 24 नवंबर को फिर से सर्वेक्षण किया गया, जिसके दौरान लोग सर्वेक्षण का



कारण जानने के लिए एकत्र हुए। सर्किल ऑफिसर ने वहां एकत्र लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया और लाठीचार्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने अपने सरकारी और निजी हथियारों से फायरिंग की, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए और 5 निर्दोष मारे गए। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए और उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटना न दोहराई जाए।

सपा प्रमुख के बयान उनके पार्टी सहयोगी राम गोपाल यादव द्वारा राज्यसभा में संभल में हुई घटना के दौरान कथित पुलिस ज्यादतियों के बारे में की गई टिप्पणी के बाद आए हैं। यादव ने 24 नवंबर को संभल में हुई घटना के दौरान पुलिस की बर्बरता का आरोप लगाया। यादव के अनुसार, स्थानीय लोगों को इसके उद्देश्य के बारे में बताए बिना सुबह से ही जिले में व्यापक पुलिस तैनाती की गई थी। उन्होंने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट (डीएम), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), वकील और अन्य लोग ढोल-नगाड़ों के साथ मस्जिद में घुस गए, जिससे भीड़ में संदेह पैदा हो गया और उन्हें तोड़फोड़ का डर था।

यादव ने दावा किया कि उपद्रव तब शुरू हुआ जब उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) ने मस्जिद के अंदर एक पानी की टंकी खोली, जिससे स्थानीय लोगों में संभावित छेड़छाड़ की चिंता पैदा हो गई। कथित तौर पर उपद्रव हिंसा में बदल गया, जिसके दौरान पुलिस ने गोलियां चलाईं, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई मामले दर्ज किए गए, कई लोगों को जेल भेजा गया और बंदियों को बुरी तरह पीटा गया।

इससे पहले उत्तर प्रदेश के संभल में हाल ही में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत लोकसभा में लगभग पूरे विपक्ष ने मंगलवार को सदन से कुछ देर के लिए वाकआउट किया। जैसे ही सदन प्रश्नकाल के लिए बैठा, समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अखिलेश यादव अपनी सीट से उठे और इस मुद्दे को उठाया तथा स्पीकर ओम बिरला से इस विषय पर बोलने की अनुमति मांगी।यादव ने कहा, ₹यह बहुत गंभीर मामला है। पांच लोगों की जान चली गई है।₹ स्पीकर ने कहा कि सदस्य इस मुद्दे को शून्यकाल में उठा सकते हैं, जिसके बाद यादव और उनकी पार्टी के सहयोगियों ने विरोध में वाकआउट करना शुरू कर दिया। हालांकि, कुछ सपा सदस्य नारे लगाते हुए वेल में चले गए।



अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देते राज्यपाल, मुख्यमंत्री व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन।

# सीएम ने सिरमटोली फ्लाईओवर का किया निरीक्षण, जल्द पूरा होगा काम

मेट्रो रेज



**रांची :** राजधानी वासियों को जल्द यातायात की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक और फ्लाईओवर मिलने वाला है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को निमार्णाधीन सिरमटोली फ्लाईओवर का निरीक्षण किया. उनके साथ उनकी पत्नी व विधायक कल्पना सोरेन, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे. मंगलवार को निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है और परियोजना समय पर पूरी होने की उम्मीद है. यह फ्लाईओवर न केवल यातायात को सुचारू करेगा, बल्कि शहर के विकास में भी योगदान देगा. फ्लाईओवर बन जाने से शहर का सौंदर्यीकरण भी होगा और आवागमन में सुधार आयेगा. सीएम हेमंत सोरेन ने फ्लाईओवर निर्माण की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि इसका निर्माण जल्द पूरा हो जायेगा. कुछ ही समय के भीतर रांची के लोगों को दूसरा फ्लाईओवर मिलेगा. बता दें कि दो माह पहले मुख्यमंत्री ने कांटाटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया था. वहीं अब सिरमटोली फ्लाईओवर का निर्माण अंतिम चरण में है. इसके चालू हो जाने के बाद मेन रोड में क्लब रोड, सुजाता चौक, पुराना ओवरब्रिज पर जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी. फ्लाईओवर के चालू होने से शहर की एक बड़ी आबादी को डोरंडा जाने में जाम की समस्या नहीं होगी।



## ओडिशा से बिहार ले जा रहे थे गांजा चतरा में पकड़े गये चार तस्कर

**चतरा:** जिला की सदर पुलिस ने पाराडीह-बधार रोड से 8 लाख रुपये मूल्य के गांजा के साथ 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है. बरामद गांजा का वजन 80 किलो बताया जा रहा है. साथ ही एक वाहन (इफ02इछ 8691), चार बाइक व आठ प्लास्टिक का टब जब्त किया गया. पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है. गिरफ्तार तस्करों में बिहार के गया जिला इमामगंज थाना क्षेत्र के साहपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार तिवारी (पिता मनोज तिवारी), गया जिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एसएन कॉलोनी निवासी बब्लू कुमार (पिता जर्नादन प्रसाद), मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिला केसला थाना क्षेत्र के मरायपुर निवासी संजू उइके (पिता राजू उइके) और खंडवा जिला मुंडा थाना क्षेत्र के गोराना निवासी रमेश टाकिया (पिता चेतराम टाकिया) शामिल हैं. ये सभी ओडिशा से गांजा लेकर बिहार की ओर जा रहे थे. सोमवार को प्रेस वार्ता कर यह जानकारी थाना प्रभारी विपिन कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि पाराडीह-बधार रोड से गांजा लेकर जा रहे हैं. इसी सूचना के आलोक में छापामारी टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर पहुंचकर चार लोगों को गांजा के साथ पकड़ा । उनके वाहन की तलाशी के दौरान 80 पैकेट में बंद गांजा जब्त किया गया. वहीं इस कार्रवाई में दो तस्कर मौके से भाग गये. इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया. वहीं वाहन, बाइक को जब्त कर उनके मालिक व फरार तस्कर की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ



### गोमिया झामुमो कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**गोमिया :** गोमिया प्रखंड के पलिहारी गुरूडीह पंचायत अंतर्गत कोठीटांड में गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद ने झामुमो कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां विधायक ने कहा कि इस कार्यालय के जरिए वे लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगें और समाधान पर पहल करेंगें। जल्द ही एक निश्चित दिन और समय सार्वजनिक की जाएगी। इससे खासकर गोमिया शहरी क्षेत्र की सम्मानित जनता को सहूलियतें मिलेंगीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के जनसुनवाई केंद्र कई अन्य जगहों पर खोले जाएंगे। जिससे कि आमजन को अपनी परेशानियों और योजनाओं की समस्याओं के समाधान के लिए भटकना ना पड़े। इस दौरान झामुमो के स्थानीय नेताओं, कार्यकताओं, पंचायत प्रतिनिधियों और समर्थकों ने नवनिर्वाचित विधायक आदरणीय प्रसाद का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### डीटीओ ने वाहन जांच अभियान चलाकर वसूला 02.23 लाख जुर्माना



**बोकारो :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जैनामोड़ के सामने परिवहन विभाग द्वारा देर रात चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 13 वाहनों से 02.23 लाख का जूमार्ना वसूल किया गया।उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वंदना शेजवलकर द्वारा विशेष जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 13 वाहन से 02.23 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 62 वाहनों की जांच की गई। जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 13 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया।

### बेटी का बर्थ डे मनाकर घर से निकले युवक की मिली लाश, हत्या या दुर्घटना जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह:** अपनी बेटी का बर्थडे मनाने के बाद घर से निकले युवक की लाश मिली है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. युवक की लाश जमुआ- देवघर मुख्य मार्ग पर देवरी थाना क्षेत्र के पथराटांड के पास सड़क के किनारे मिली है. शव से महज ढाई मीटर की दूरी पर उसकी बाइक भी पड़ी हुई मिली है. मृतक युवक की पहचान बिहार के चकाई थाना क्षेत्र के घुटिया गांव निवासी कारू राम के 21वर्षीय पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई है.

मंगलवार की सुबह शव पर लोगों की नजर पड़ी जिसके बाद पुलिस और परिजनों को खबर दी गई. घटना की सूचना पर देवरी थाना के सब इंस्पेक्टर उपेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की. घटनास्थल पर मौजूद मृतक के परिजनों का कहना है कि सोमवार की रात को अजय अपनी पुत्री का बर्थडे मना रहा था. बर्थडे मनाने के बाद देर रात को अजय घर से यह कह कर निकला कि वह मकडीहा जा रहा है.

मंगलवार की सुबह उन्हें यह जानकारी मिली कि अजय की लाश सड़क के किनारे पड़ी हुई है. इधर अजय की मौत को लेकर सस्पेंस बरकरार है. कुछ लोग इसे दुर्घटना बता रहे हैं तो कुछ लोग हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे हैं. देवरी थाना के सब इंस्पेक्टर उपेंद्र यादव का कहना है कि अभी लाश को कब्जे में लिया गया है, शब का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा उसके बाद ही या साफ होगा कि अजय की मौत कैसे हुई है.

## वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने सफल मेगा हेल्थ कैंप आयोजन किया



मेट्रो रेज

**बोकारो :** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए हाल ही में अपने प्रोजेक्ट टअउए हेल्थकेयर इंटरवेंशनिस्ट कार्यक्रम के तहत बोकारो जिले में दो बेहद सफल मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किए। बोकारो और अलकुशा के वरिष्ठ नागरिकों की चिकित्सा आवश्यकताओं पर केंद्रित इन मेगा हेल्थ कैंप में सैकड़ों लोग उमड़े।बोकारो के सेक्टर 6 में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन मेडिकेंट अस्पताल, बोकारो के साथ साझेदारी में किया गया, जिसके डॉक्टरों ने बुजुर्ग नागरिकों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए स्क्रीनिंग की। बोकारो के सेक्टर 6 में वेदांता केयर्स फील्ड अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रोजेक्ट टअउए के तत्वावधान में किया गया और इसका संचालन इसकी कार्यान्वयन एजेंसी - समर्थ कम्युनिटी फोरम द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान वेदांता केयर्स फील्ड अस्पताल में मुख्य अतिथि, सीआईएसएफ के आईजी दिग्विजय कुमार सिंह सहित उपस्थित लोगों ने कोविड-19 महामारी के दौरान वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा की गई शानदार सेवा को याद किया। मेडिकेंट अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे ऑर्थोपेडिक्स, जनरल प्रैक्टिशनर्स, नेत्र रोग, एंडोक्राइनोलॉजी (मधुमेह नियंत्रण) के उच्च योग्यता प्राप्त डॉक्टरों ने बुजुर्गों की रक्तचाप, थायरॉयड, रक्त शर्करा आदि की जांच के अलावा उनकी चिकित्सा और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में मदद की।बोकारो जिले के चास अनुमंडल के ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अलकुशा गांव में भी इसी तरह का चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। यहां भी डॉक्टरों ने बुजुर्गों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए जांच की और वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड और प्रोजेक्ट एमएसीई की कार्यान्वयन एजेंसी समर्थ फाउंडेशन ने मिलकर इस पहल की दिशा में काम किया।अलकुशा मेडिकल कैंप के लिए वेदांता ईएसएल स्टील ने विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टरों के साथ भागीदारी की, जैसे आकाश अस्पताल के जनरल प्रैक्टिशनर, डॉ. पूजा के डेंटल क्लिनिक के दंत चिकित्सक, संजीव नेत्रालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ आदि। बुजुर्ग नागरिक अपने चिकित्सा परामर्श और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों जैसे कि उनके रक्त शर्करा, रक्तचाप, थायरॉयड आदि की जांच के लिए इस शिविर को अत्यधिक सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में आए।वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्रबंधन के लिए, जिसे विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सरकारी निकायों और गैर सरकारी संगठनों से कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया गया है, हमारे आसपास के समुदायों की भलाई से अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। हमारी विभिन्न हस्तक्षेपकारी नीतिगत पहलों में से, जो सबसे अधिक प्रभावित करती है, वह है हमारी स्वास्थ्य सेवा पहल - प्रोजेक्ट आरोग्य और प्रोजेक्ट टअउए - जिसके क्रियान्वयन के लगभग साढ़े तीन वर्षों में लगभग 5 लाख बोकारो नागरिक लाभान्वित हुए हैं।प्रोजेक्ट टअउए को बोकारो के बुजुर्ग लोगों की स्वस्थ उम्र बढ़ने और सेहत में योगदान देने के लिए डिजाइन किया गया था, ताकि उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रखा जा सके, उन्हें शारीरिक और ऑनलाइन प्रशिक्षण और सीखने, आयोजनों, सूचना सत्रों आदि जैसी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में शामिल किया जा सके। समर्थ कम्युनिटी फोरम द्वारा कार्यान्वित प्रोजेक्ट टअउए के तहत, हम बुजुर्ग नागरिकों को पोषण संबंधी सहायता भी प्रदान करते हैं और स्वास्थ्य सेवा शिविरों, विशेष शिविरों और नियमित डॉक्टर के दौरे के माध्यम से उनका समर्थन करते हैं।ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने इस अवसर पर कहा, ₹शिविर का प्राथमिक उद्देश्य सामान्य जांच और तत्काल स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं की महत्वपूर्ण आवश्यकता को संबोधित करके स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में योगदान देना था। हमारे कई बुजुर्ग अपनी सामान्य चिकित्सा जांच के लिए समय पर आना भूल जाते हैं, चूक जाते हैं या नहीं कर पाते हैं और शुरूआती चेतावनियों से चूक जाते हैं। हम पुरानी कहावत पर विश्वास करते हैं - 'रोकथाम इलाज से बेहतर है'। अगर रोकथाम की जाए और समय रहते पता चल जाए तो कई बड़ी चिकित्सा आवश्यकताओं को आसानी से और बहुत ही किफायती तरीके से पूरा किया जा सकता है। हम इन मेगा कैंपों में अपने सभी भागीदारों और विशेष रूप से सीआईएसएफ के आईजी दिग्विजय कुमार सिंह को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने हमारे उत्साह को बढ़ाने के लिए अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकाला। वेदांता ईएसएल में हम सब मिलकर अपने समुदाय पर सार्थक प्रभाव डाल रहे हैं।₹झारखंड के बोकारो जिले के सियालजोरी गांव में स्थित, वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड स्टील उत्पादों का एक प्रमुख निमार्ता है।

## ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराएं बीएसएलः उपायुक्त



**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) प्रबंधन के साथ विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक की। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, पुलिस उपाधीक्षक बी.एस.सिटी आलोक रंजन, अंचलाधिकारी चास दीवाकर दूबे, उप प्रबंधक (पी) बीएसएल अमिताभ दास, वरीय प्रबंधक (टीए-एलआरए) एन सिद्दकी, महाप्रबंधक (टीए - एलआरए) ए के सिंह, कार्यकारी निदेशक अनीश सेन गुप्ता, महाप्रबंधक (परियोजना) एस आनंद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। इस क्रम में उपायुक्त ने जिला मुख्यालय को भाड़ी वाहनों की पार्किंग से उत्पन्न जाम की समस्या को समाप्त करने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन को अंचलाधिकारी चास से समन्वय करते हुए भूमि चिन्हित करने को कहा। वहीं, बीएस सिटी के कचड़ें का निस्तारण सही से करने को लेकर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम) इकाई अधिष्ठापन को लेकर की जा रहें कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर बीएसएल प्रबंधन ने बोर्ड में संबंधित मामला लंबित होने की बात कहीं। इस पर उपायुक्त ने इसका फालोअप करने और कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। वहीं, कोलकाता झ्र अमृतसर इंड्रस्ट्रीयल कोरिडोर के लिए चिन्हित भूमि का मूल्य गणना/आंकलन को लेकर कार्य की जानकारी ली। उन्होंने भूमि का मूल्य गणना/आंकलन को गंभीरता से पुनः कर जिला को प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। इसके अलावा उपायुक्त ने शहर को सुंदर बनाने, ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के लिए बैरिकेटिंग लगाने, समाहरणालय भवन निर्माण को लेकर एनओसी उपलब्ध कराने, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराने, बीएसएल प्लांट एवं टाउनशीप के लिए वैक्लपिक जलापूर्ति योजना आदि मुद्दों पर चर्चा कर जरूरी दिशा झ्र निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

### जैनामोड़ में 4 को होगा दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले का आयोजन

**बोकारो :** श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग एवं अवर प्रादेशिक नियोजनालय बोकारो द्वारा राजकीयकृत उच्च विद्यालय मैदान, बांधडीह जैनामोड़ में आगामी 04 दिसंबर 2024 को दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी विभाग ने शुरू कर दी है। मेले में स्थानीय, अन्य जिलों व राज्यों से 12 कंपनियां शामिल होंगी। सभी कंपनियां अलग - अलग क्षेत्र से संबंधित है। मेले में जिले से संबंधित बेरोजगार युवक झ्र युवतियां शामिल हो सकते है। मेले में विभाग द्वारा झारखंड राज्य निजी क्षेत्र स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 और नियमावली 2022 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। विभिन्न कंपनियों के रिक्त पड़े पदों पर अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता व कौशल के अनुरूप बहाल किया जाएगा। इन कंपनियों में मैट्रिक, इंटर, आइटीआइ, स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए रोजगार उपलब्ध होगा। मेले में *ग्राइंडरमैन, इलेक्ट्रीशियन, रिसेप्शनिस्ट, नर्सिंग, वार्ड बॉय, ड्राइवर, स्वीपर, टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, वॉशरमैन, सर्विस एडवाइजर, फ्लोर एडवाइजर, टेली कॉलर, स्पेयर्स एग्जीक्यूटिव, डायग्नोस्टिक एक्सपर्ट, वारंटी सुपरवाइजर, जूनियर इंजीनियर, टेक्नीशियन वेल्डर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, मैकेनिक फीटर, एजेंट डेवलपमेंट मैनेजर, फाइनेंशियल एडवाइजर यूनिट मैनेजर, इंश्योरेंस एडवाइजर आदि का पद रिक्त है।रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के अलावा कौशल विकास से संबंधित प्रमाण पत्र लेकर पहुंचना है। साथ ही, छात्रों को जिला नियोजनालय का कार्ड भी लाना है। राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित अभ्यर्थी ही मेले में हिस्सा ले सकते हैं। इसलिए वैसे अभ्यर्थी जिनके पास निबंधन कार्ड नहीं है वे जिला नियोजनालय से कार्ड बनवा लें।

### सुदेश महतो के हार से समर्थक सदमे में

**रांची।** सुदेश महतो के हार से सिल्ली मुरी का बाजार में मंदी देखी जा रही है। सच्चाई यह है कि सुरेश महतो अपने आप में शेयर मार्केट की तरह है। उनकी हार शेयर मार्केट की तरह है।ऐसा लगता है कि विधानसभा का शेयर धड़ाम से गिर गया। इसका असर भी देखने को मिल रहा है। बाजार में पहले की तरह रौनक नहीं है। राजनीति हलचल में भी सुस्ती आ गई है। उनके समर्थक सदमे में हैं।सुदेश महतो सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के केन्द्र बिन्दु पर थे।पक्ष विपक्ष इनके इर्द गिर्द घूमता था। समाजिक रूप से लुच्चा लफंगा का मनोबल हमेशा डाउन रहता था। हालांकि विपक्ष और विरोधी इनकी अच्छाई को क्रेडिट नहीं देना चाहते हैं।

## हजारीबाग में अपराधियों का तांडव, सरेआम गोली मारकर कर दी प्रखंड प्रमुख के पति की हत्या

मेट्रो रेज




**हजारीबागः** जिला में अज्ञात अपराधियों ने सरेआम कटकमदाग प्रखंड प्रमुख विनीता कुमारी के पति उदय साव की गोली मारकर हत्या कर दी. यह वारदात शहर के झील परिसर के आसपास हुई है. बताया जा रहा है अपराधियों ने सिर पर गोली मारी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई. घटना के बाद उदय साव को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया.

मामले की सूचना मिलते ही हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह और जिले के कई आला अधिकारी अस्पताल पहुंचे और परिवार से घटना की जानकारी ली. हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि अब तक यह पूरा मामला ब्लाइंड है. आखिर उदय झील परिसर क्यों गए थे. किससे मुलाकात करने के लिए गए थे, इन सभी बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी गई है. बहुत जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी होगी.

उदय साव कटकमदाग के पूर्व मुखिया और कांग्रेस पार्टी के नेता थे. हाल के दिनों में वे राजनितिक तौर पर काफी सक्रिय हुए थे. खासतौर पर विधानसभा चुनाव के वक्त. सामाजिक तौर पर भी वे लोगों से जुडे. हुए थे, जिससे इलाके में उनका काफी प्रभाव था. घटना की जानकारी मिलने के बाद उनके कार्यकर्ता और इलाके के नेता अस्पताल पहुंचे थे.

इस मुद्दे पर बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग के विधि व्यवस्था पर सवाल उठाया. उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों में तीन लोगों की हत्या हजारीबाग में हुई है. इससे पहले मंजीत यादव की हत्या हुई थी. उनकी मौत का अबतक खुलासा नहीं हो पाया है. दूसरी ओर एक अन्य घटना में बड़कागांव स्थित प्रकाश ठाकुर के घर में घुसकर गोली मारी दी गई थी. मुन्ना सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की तफ्तीश की जाए. हत्या का कारण क्या है और इस हत्याकांड के पीछे कौन लोग है, इसका खुलासा होना बेहद जरूरी है.

# एक्शन में सीएम हेमंत सोरेनः अधिकारियों के साथ बैठक में रोजगार, राजस्व संग्रह और विकास पर जोर

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** हेमंत सरकार रोजगार, राजस्व संग्रह और विकास पर गंभीर है। राज्य की बागडोर लगातार दूसरी बार संभालने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहली बार सोमवार दो दिसंबर को आला अधिकारियों के साथ बैठक की।

झारखंड मंत्रालय में हुई इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विकास कार्य को तेज करने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर विभाग की अलग-अलग समीक्षा होगी और जहां भी कोई कठिनाइयां हैं, उसे दूर करने की कोशिश की जाएगी।



इस बैठक में बजट की तैयारी के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट प्रावधानों से अलग शुरू की गई नई योजनाओं के अतिरिक्त दायित्वों की पूर्ति और वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुपूरक बजट की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। करीब दो घंटे तक आला अधिकारियों के साथ हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक कार्यों को धरातल पर उतराने का लक्ष्य दिया है। लगातार दूसरी बार राज्य की गद्दी संभालने के बाद आला अधिकारियों से पहली ही मुलाकात में मुख्यमंत्री एक्शन में दिखे। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि समय का सदुपयोग करें और इस दौरान आनेवाली कठिनाइयों का त्वरित निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि राज्य में काम-काज कैसा चल रहा है इसे लेकर विभाग स्तर पर समीक्षा होगी और जो प्रमुख योजनाएं संचालित हैं उनकी विस्तृत समीक्षा होगी।

झारखंड मंत्रालय में बैठक के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान हेमंत सोरेन ने कहा कि समय का सदुपयोग हो और विकास कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री परिषद का गठन हो जाने के बाद विकास कार्यों में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्याएं आती है तो उसका समाधान निकाला जाए। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी सहित विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल गंगवार ने परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि दी



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को राजभवन में परमवीर चक्र विजेता शहीद लांस नायक अलबर्ट एक्का को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### शहादत दिवस पर याद किये गये लांस नायक अल्बर्ट एक्का



**रांची :** संत सेवियर कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने परमवीर चक्र विजेता और लांस नायक अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर उन्हें याद किया। अल्बर्ट एक्का चौक पर स्वर्गीय लांस नायक अल्बर्ट एक्का के सम्मान में रीथ लेइंग और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 100 एनसीसी कैडेट मौजूद थे, जिन्होंने माहौल को गौरव से भर दिया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ। प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफल हुआ। बता दें कि ऑपरेशन हिलटॉप के दौरान 3 दिसंबर 1971 को अल्बर्ट एक्का की कार्रवाई ने दुश्मन के ठिकाने पर कब्जा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बहादुरी और बलिदान के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परम वीर चक्र मिला था।

### प्रेमिका के घर में ही आकर आशिक ने दे दी जान

**रांची :** झारखंड के धनबाद जिले से एक सनसनीखेज खबर है, जहां टुंडी स्थित प्रेमिका के घर में ही आकर आशिक ने मौत को गले लगा लिया। गिरिडीह जिले के गांडेय प्रखंड निवासी आशिक ने प्रेमिका के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी मिलने पर टुंडी थाना की पुलिस सोमवार को घटनास्थल लुकैया गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। साथ ही टुंडी थानेदार उमाशंकर ने युवती से मामले में विस्तार से जानकारी ली।

क्या है पूरा मामला

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गिरिडीह जिले के गांडेय प्रखंड निवासी प्रेमी का टुंडी की रहने वाली युवती के साथ पिछले छह महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती वर्तमान में टुंडी में अपने नाना के यहां रह रही थी। युवक अपनी प्रेमिका के साथ मेला घूमना चाहता था। वह उसके साथ जात्रा देखना चाहता था। इसके लिए उसने दो टिकट भी खरीद लिया था। मेले में जाकर उसने प्रेमिका के पास फोन किया। इसी बीच युवती को किसी और के साथ मेले में प्रेमी ने देख लिया। इसके बाद दोनों में काफी विवाद हुआ। इसके बाद आक्रोशित प्रेमी ने प्रेमिका के घर में ही जाकर फांसी लगाकर अपनी जिन्दगी खत्म कर ली।

### डुमरी विधायक जयराम महतो आतिशबाजी में झुलसे, इलाज कराने आये रांची



रांची : डुमरी विधायक जयराम महतो आतिशबाजी में झुलस गये हैं। बेहतर इलाज के लिए वे रांची आ गये हैं। जानकारी के अनुसार, यह घटना एक दिसंबर की है। जब वे बोकारो के जैनामोड़ में प्रजापति धर्मशाला में आयोजित एक बैठक में शामिल होने आ रहे थे। इस दौरान जैना मोड़ स्थित बाबा तिलका मांझी चौक पर उन्होंने उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इस दौरान उनके समर्थकों आतिशबाजी कर रहे थे। पटाखा जयराम महतो के एकदम सामने फट गया, जिससे वे झुलस गये।

### आजसू रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर ज्ञापन सौंपा



**रांची :** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के एक प्रतिनिधि मंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बीपीएड कोर्स सत्र 2025/ 26 से शुरू की जाय, र.र मेमोरियल कॉलेज एवं राम लखन सिंह यादव कॉलेज की बिल्डिंग अभिलंब बनाया जाय, पिछले वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए. रांची विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्रों का सार्वजनिक बीमा कराया जाय, हर वर्ष छात्र संघ चुनाव करवाने हेतु एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाय. मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए . रांची विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार अभिलंब स्थाई रूप से खोला जाय , विश्वविद्यालय में झारखंड होम गार्ड की सेवा पुन रूप से बहाल करने की मांग की गयी है ।

कुलपति ने सभी विषयों को गंभीरता पूर्वक लिया और जल्द ही सभी मांगों को पूरा करने की बात कही । इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजित कुमार, सौरभ शर्मा, बबलू महतो ,पवन सिंह, आनंद यादव,राजेश सिंह,बबलू मंडल अभिषेक, ऋषभ, पुरुषोत्तम, अभिषेक, आर्यन,, दीपक, निशांत, राहुल इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

# 1969 बैच रिम्स के पूर्ववर्ती छात्रों का पुनर्मिलन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** तीन दिवसीय 1969 बैच रिम्स के पूर्ववर्ती छात्रों का पुनर्मिलन उत्सव सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। पहले दिन डॉ।एम।एन।सिंह जी के सौजन्य से ट्यूलिप हॉस्पिटल रिंग रोड मे रंगारंग मिलन समारोह हुआ। इस मिलन समारोह मे 52 चिकित्सकों ने सपरिवार भाग लिया जिसमें इंग्लैंड के डॉक्टर राजेंद्र सिंह कालरा, डॉक्टर सुनील सिन्हा एवं अमेरिका के डॉक्टर चित्रा प्रसाद भी शामिल थे।डॉक्टर राकेश शरण अपनी अस्वस्थता के बावजूद उपस्थित हुए और अपने साथियों के साथ मिलकर खुशियां मनाएं।इस दौरान सभी डॉक्टर अतिथियों का भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगाकर,आरती उतारकर एवं शंखनाद ध्वनि के साथ स्वागत हुआ।दूसरे दिन कैपिटल हिल होटल मे सभी डॉक्टर अपने अपने विचार एवं तजुर्बा साझा किए। मौके पर डॉक्टर त्रिलोचन सिंह ने कहा 1969 बैच के चिकित्सक इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया एवं देश के विभिन्न हिस्सों मे अपना विशिष्ठ स्थान बनाया है और राजेंद्र चिकित्सा महाविद्यालय का नाम भी रौशन किया है। आज तीसरे दिन पतरातु डैम मे पिकनिक एवं खुशियां मनाएं।

इस दौरान सभी डॉक्टरों ने नाव,बस,खेलकूद एवं नृत्य का खूब आनंद लिए एवं आपसी प्यार,भाईचारे में बढ़ोतरी की कामना के साथ पतरातू डैम में मिलन समारोह के बाद एक दूसरे को अलविदा कह कर मधुर यादों का खजाना इकट्ठा कर अपने-अपने घरों की ओर प्रस्थान कर गए।इस पुनर्मिलन समारोह मे सभी डॉक्टरों ने यादगार की एक मिशाइल कायम की। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने मे डॉक्टर त्रिलोचन सिंह, डॉक्टर महानंद सिंह, प्रोफेसर प्रोसेनजीत सरकार, डॉक्टर मनोज कुमार राय, डॉक्टर आनंद जगनानी, डॉक्टर अशोक कुमार सिन्हा, डॉक्टर सुबीर घोष, डॉक्टर पीजी सरकार, डॉक्टर (श्रीमती) तेजकमल कालरा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, डॉक्टर उमाशंकर वर्मा, डॉक्टर रमेश प्रसाद एवं जनसंपर्क पदाधिकारी शिव किशोर शर्मा जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी शिव किशोर शर्मा ने दी है।

# झारखंड स्कॉय मार्शल आर्ट टीम का चयन, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेगी भाग

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** 07 से 09 दिसंबर 2024 तक ताऊ देवीलाल स्टेडियम, पंचकुला, चंडीगढ़ में स्कॉय फेडरेशन ऑफ इंडिया और स्कॉय एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने जा रही 24वीं कैडेट, सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता के लिए झारखंड स्कॉय टीम का चयन किया गया। चयनित झारखंड टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आगामी 05 दिसंबर को रांची से प्रस्थान करेगी। इस टीम में विभिन्न वर्गों के उत्कृष्ट खिलाड़ी शामिल हैं, जिनके नाम निम्नलिखित हैंः चुमकी मुर्मू, खुकुमनी टुडू, चंपावती सोरेन, अनुपमा टुडू, ललिता बास्के, सबिता मुर्मू, नमिता सिंह, सीता रानी मुर्मू, सोनाली हेंब्रम, आंचल तिर्की, नीतू केरकेट्टा, एलिन डांग, अमायरा सिंह, अनाया सिंह, अतुल किरो, रोजलिन टोप्पो, अनीषा कुमारी, सूरज बड़ाइक, अकय टोप्पो, दयाराम मेहर, उमंग कुमार, सौभाग्य सिद्धार्थ, रिशु राज, मनीष कुमार, अजीत कुमार, साहिल लोहरा, विक्की कुमार, कृष्णा कुमार, मानविक सिंह, आयुष कुमार, स्वरित सिंह, शिवांश सिंह और शशि शेखर।

झारखंड टीम के चयनित खिलाड़ियों को स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के डॉ। राजेश गुप्ता, वेदांत कौस्तव, नीतीश सिंह, सुमित वर्मन, परवाज खान, मो। आमिर, रफिया नाज, रोहित यादव, नीरज वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा, कीर्ति कुमार, अभिषेक झा, अंशुतोष कुमार, प्रशांत पाठक और अभिषेक शुक्ला आदि ने बधाई दी है। टीम को शुभकामनाएं देते हुए पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के स्कॉय मार्शल आर्ट कौशल को निखारने और राज्य का नाम रोशन करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

# रांची पुलिस ने किया मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का भंडाफोड़, 7 आरोपी गिरफ्तार



## एक के पास मिला पिस्टल

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** लालपुर पुलिस ने शहर में सक्रिय मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 2 गिरोह को गिरफ्तार किया हैं। इनमें एक में 5 चोर हैं। वहीं दूसरे में 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन 7 अभियुक्तों पर रांची और आसपास के इलाकों से मोटरसाइकिल चोरी कर नकली नंबर प्लेट लगाकर उन्हें बेचने का आरोप है। इनके पास से 5 बाइक,एक स्कूटी और एक पिस्टल बरामद किया है। सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने लालपुर थाना परिसर में प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी।

2 दिसंबर 2024 को शुभ नारायण उपाध्याय की शिकायत पर लालपुर थाना में मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक टीम गठित की और छापेमारी कर तनवीर आलम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह और उसके साथी चोरी की मोटरसाइकिलों के नंबर गूगल से बदलकर उन्हें शहर के बाहर बेचते हैं। उसकी निशानदेही पर चोरी की 5 मोटरसाइकिल बरामद हुईं और गिरोह के अन्य 4 सदस्यों अर्जुन महतो उर्फ चितरंजन महतो बासुदेव दास, रौशन दास और भरत दास को भी गिरफ्तार किया गया।

वहीं 1 दिसंबर 2024 को लालपुर थाना को सूचना मिली कि सन्त अन्ना गली में 2 लोग मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में पकड़े गए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपी गुफरान खान और आमीर अंसारी को गिरफ्तार किया। इनमें गुफरान खान उर्फ छोटू के पास से एक पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह मोटरसाइकिल चोरी के समय पिस्टल अपने पास रखता था। उसने भीड़ से बचने के लिए पिस्टल नाले में छुपा दी थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया।

# लेवी लेने की योजना बना रहे दो अपराधी गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

**लातेहार।** जिला पुलिस ने रंगदारी व लेवी लेने की योजना बनाते हुए दो आपराधिक गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी बालुमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि एसपी कुमार गौरव को सूचना मिली थी कि जिले के हेरंहज व पांकी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जंगल में संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्य एकत्रित होकर क्षेत्र से रंगदारी व लेवी लेने की योजना बना रहे हैं। सूचना की सत्यापन के बाद एक छापामारी टीम बना कर क्षेत्र में छापामारी की गयी। इस टीम ने परमेंद्र राम उर्फ गुड्डु पांकी, पलामू और कमलेश यादव सेरनदाग हेरहंज को गिरफ्तार किया। इन दोनों के पास से एक लोडेड देसी कट्टा व एक देसी रायफल व एक कारतूस बरामद किया गया।



# रांचीवासियों की शिकायत 24 घंटे सुनेगा जिला प्रशासन, व्हाट्सएप नंबर जारी

**रांचीः** रांचीवासियों की शिकायत अब 24 घंटे सुनी जाएगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की पहल पर एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया गया है। व्हाट्सएप नंबर 9430328080 पर जिला प्रशासन रांची वासियों से शिकायत प्राप्त करेगा। उपायुक्त के आवासीय गोपनीय स्थित सभा कक्ष से नंबर की लॉन्चिंग करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि आम लोगों की सुविधा और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन की ये पहल है। समय के साथ इस प्लेटफार्म के माध्यम से शिकायत प्राप्त करने और समाधान की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।



रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि व्हाट्सअप नंबर 9430328080 चौबीस घंटे क्रियाशील रहेगा। इस ग्रुप के अनुश्रवण के लिए जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी को नामित किया गया है। साथ ही उनके सहयोग के लिए दो अन्य पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

व्हाट्सएप ग्रुप 9430328080 पर समाहरणालय अवस्थित विभिन्न शाखाओं में होने वाले कार्यों और आम लोगों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के तत्काल समाधान के लिए तीन पालियों में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिनकी कार्यावधि सुबह 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक, दोपहर 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक और रात्रि 10:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक होगी। प्रतिनियुक्त कर्मी प्राप्त शिकायत ससमय संबंधित विभाग को अग्रसारित करेंगे। साथ ही की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त-सह-जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(सामान्य शाखा)

आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि चौकीदार नियुक्ति परीक्षा–2023 अन्तर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु चयनित सफल अभ्यर्थियों की औपबंधिक सूची दिनांक–13.09.2024 को जिला के Website www.gumla.nic.in पर प्रकाशित कर दी गई थी, लेकिन W.P.(S) No-5038 /2024 SANU MAHTO & Anr. एवं झारखण्ड राज्य सरकार के मामले में माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड के आदेश के आलोक में शारीरिक परीक्षा की तिथि को अगले आदेश तक स्थगित किया गया था। माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा **W.P.(S) NO-5038/2024 SANU MAHTO &Anr.** मामले में दिनांक–17.10.2024 को पारित आदेश द्वारा केस को निष्पादित किया जा चुका है।

दिनांक–13.09.2024 को प्रकाशित औपबंधिक सूची के संबंध में यदि किसी अभ्यर्थी को आपत्ति हो तो अपना दावा–आपत्ति दिनांक–04.12.2024 से 06.12.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला सामान्य शाखा, गुमला में स्वंय उपस्थित होकर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

सभी अभ्यर्थियों के लिए सूचना निम्न है:–

1. दौड़ की सम्भावित तिथि दिनांक–16.12.2024, 17.12.2024, 18.12.2024, को निर्धारित है।
2. दौड़ का रोस्टर की सूचना एवं स्थान/समय अलग से प्रकाशित की जायेगी।

उपायुक्त,
गुमला

PR 340996 District(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल के अन्तर्गत पूर्व में पदस्थापित निम्नलिखित सहायक अभियंता/कनीय अभियंताओं के नाम के विरूद्ध वर्षों से अस्थाई अग्रिम एवं राजस्व शीर्ष की राशि लंबित है। इस संबंध में इस कार्यालय द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक–1397, दिनांक–25.08.2014, पत्रांक–1460, दिनांक–25.08.2015 एवं ज्ञापांक–466, दिनांक–05.06.2020 तथा ज्ञापांक–546, दिनांक–09.06.2022 के माध्यम से सूचना देने के बावजूद अभी तक इसके समायोजन हेतु आपके स्तर से कोई भी कार्रवाई नही की गई है। लंबित अस्थाई अग्रिम की विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 | सहायक अभियंता का नाम जिनके द्वारा कनीय अभियंता को अस्थाई अग्रिम दी गई है। | कनीय अभियंता का नाम | अग्रिम प्राप्त करने का वर्ष | लंबित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेन्द्र कुमार, तदेन सहायक अभियंता, हजारीबाग | श्री इन्द्रदेव राम, कनीय अभियंता, प्रशाखा, बड़कागांव | वर्ष 1996 के पूर्व | 87311. 96 | कनीय अभियता एव सहायक अभियता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। उपायुक्त, हजारीबाग एवं भभुआ को राशि वसूली हेतु आग्रह किय गया। परन्तु राशि अप्राप्त है। |
| 2 | श्री प्रमोद कमार सिन्हा, तदेन सहायक अभियंता, हजारीबाग | – | वर्ष 1993 के पूर्व | 8466.20 | सहायक अभियता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। |
| 3 | श्री रघुनाथ मिश्रा, तदेन सहायक अभियंता, कोडरमा | – | वर्ष 1987 के पूर्व | 4414.89 | नवसृजित कोडरमा प्रमण्डल में शामिल। |
| 4 | श्री कौशल किशोर वर्मा, तदेन कनीय अभियंता, बड़कागांव | – | – | 1196.00 | कनीय अभियंता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। |

अतः प्रेस विज्ञप्ति से आपको स्मारित किया जाता है कि अविलम्ब उक्त उल्लेखित सरकारी अस्थाई अग्रिम की राशि इस प्रमण्डल में जमा कर दें अन्यथा बाध्य होकर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 340951 (Rural Work Department) 24-25 (D)

## सुविचार

**सच्ची सफलता वही है जो ईमानदारी और मेहनत से प्राप्त किया जाये**

## दिव्यांग जनों को मिले बराबरी का अधिकार

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी। इसका उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहते हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। किसी को इस बात की कोई फिक्र नहीं है।

समाज में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। इस वर्ष का विषय ₹समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए विकलांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देना₹ विकलांग व्यक्तियों को अपने भाग्य को आकार देने और समाज में योगदान देने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के महत्व को रेखांकित करता है। सरकार द्वारा देश में दिव्यांगों के लिए कई नीतियां बनायी गयी हैं। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगों के लिए सरकार ने पेशन की योजना भी चला रखी है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं उन दिव्यांगों के लिए महज एक मजाक बनकर रह गयी हैं। जब इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक ह्यदिव्य क्षमताह्न है और उनके लिए ह्यविकलांगह्न शब्द की जगह दिव्यांग शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है। आज भी समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगों को दयनीय दृष्टि से ही देखा जाता है। भले ही देश में अनेको दिव्यांगों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो मगर लोगों का उनके प्रति वहीं पुराना नजरिया बरकरार है। दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण मिलेंगे जो बताते हैं कि सही राह मिल जाये तो अभाव एक विशेषता बनकर सबको चमत्कृत कर देती है। भारत में दिव्यांगों की मदद के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन इतने वर्षो बाद भी देश में आज तक आधे दिव्यांगों को ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुहैया कराया जा सका है। ऐसे में दिव्यांगों के लिए सरकारी सुविधाएं हासिल करना महज मजाक बनकर रह गया है। दुनिया में बहुत से ऐसे दिव्यांग हुए हैं जिन्होंने अपने साहस संकल्प और उत्साह से विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अपना नाम लिखवाया है। तैमूरलंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा तो बचपन में ही एक आंख गंवाने तथा युद्ध में एक हाथ एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधाचंद्रन का दायां पैर नहीं है। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे। पूर्व क्रिकेटर अंजन भट्टाचार्य मूक-बधिर थे। वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप खेलों में झुंझुनू जिले के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार व जयपुर के सुन्दर गुर्जर ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार विश्व स्तर पर 15 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की विकलांगता के साथ रहती है। जबकि उसमें से 80 प्रतिशत से अधिक लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। जबकि भारत में 140 करोड़ से अधिक लोग है। इस आबादी का 2.2 प्रतिशत से अधिक लोग किसी न किसी रूप में गंभीर मानसिक या शारीरिक विकलांगता से पीड़ित हैं। आज के प्रगतिशील युग में जहाँ सभी लोगों के एकीकरण और समावेशन पर सतत विकास के प्रवेश द्वार के रूप में जोर दिया जाता है। भारत में विकलांग लोगों को वर्गीकृत करने वाले मानदंडों की सूची को 2016 में नया रूप दिया गया था। 2016 के आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम पर आधारित संशोधित परिभाषा में एसिड हमलों से संबंधित शारीरिक विकृति और चोटों को विकलांगता के रूप में मान्यता देना भी शामिल है। जो इन पीड़ितों को विभिन्न प्रकार की सरकारी सहायता और समर्थन का हकदार बनाता है । दिव्यांगों के अधिकारों के लिए काम कर रहे संगठन नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइटस ऑफ डिसएबल्ड ने प्रधानमंत्री मोदी के दिव्यांग शब्द पर उनको पत्र लिखकर कहा कि था कि केवल शब्द बदलने मात्र से ही विकलांगों के साथ होने वाले व्यवहार के तौर-तरीके में कोई बदलाव नहीं आएगा। सबसे बड़ी जरूरत है विकलांगों से जुड़े अपयश, भेदभाव और हाशिए पर डालने के मुद्दों पर ध्यान देने की है। ताकि वो देश की राजनीति के साथ साथ आर्थिक, सामाजिक विकास में बेहतर भागीदारी कर सकें। भारत में आज भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों के कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को मायूस होना पड़ता है। हालांकि सरकारी दावे कहते हैं कि इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया गया है, लेकिन हकीकत इससे काफी दूर नजर आती है। दिव्यांगता का प्रमाणपत्र जारी करने के सरकार ने जो मापदण्ड बनाये हैं। अधिकांश सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक उनके अनुसार दिव्यांगो को दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र जारी ही नहीं करते है। जिसके चलते दिव्यांग व्यक्ति सरकारी सुविधाएं पाने से वंचित रह जाते हैं। देश में दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगों को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। केन्द्र सरकार ने देशभर के दिव्यांग युवाओं को केन्द्र सरकार में सीधी भर्ती वाली सेवाओं के मामले में दृष्टि बाधित, बधिर और चलने-फिरने में दिव्यांगता या सेरेब्रल पल्सी के शिकार लोगों को उम्र में 10 साल की छूट देकर एक सकारात्मक कदम उठाया है। दिव्यांगता शारीरिक अथवा मानसिक हो सकती है किन्तु सबसे बड़ी दिव्यांगता हमारे समाज की उस सोच में है जो दिव्यांग जनों से हीन भाव रखती है। जिसके कारण एक असक्षम व्यक्ति असहज महसूस करता है। आधुनिक होने का दावा करने वाला हमारा समाज अब तक दिव्यांगों के प्रति अपनी बुनियादी सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं ला पाया है। अधिकतर लोगों के मन में दिव्यांगों के प्रति तिरस्कार या दया भाव ही रहता है। ऐसे भाव दिव्यांगों के स्वाभिमान पर चोट करते हैं। भारत में दिव्यांगों की इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद इनकी परेशानियों को समझने और उन्हें जरूरी सहयोग देने में सरकार और समाज दोनों नाकाम दिखाई देते हैं। अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। हाल के वर्षों में दिव्यांगों के प्रति सरकार की कोशिशों में तेजी आयी है। दिव्यांगों को कुछ न्यूनतम सुविधाएं देने के लिए प्रयास हो रहे हैं। हालांकि योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सरकार पर सवाल उठते रहे हैं। पिछले दिनों क्रियान्वयन की सुस्त चाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार भी लगायी थी। दिव्यांगों को शिक्षा से जोड़ना बहुत जरूरी है। मूक-बधिरों के लिए विशेष स्कूलों का अभाव है।

# लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विस चुनाव के बीच क्या बदला

**400 या उससे अधिक सीटों के साथ एक सुनिश्चित जीत के बारे में इस आत्मसंतुष्टि ने उन्हें वैश्विक डीप स्टेट ताकतों से बेखबर कर दिया, जो इंडी गठबंधन, शहरी नक्सलियों, कम्युनिस्टों और मार्क्सवादियों के समर्थन से एक टीम बना रहे थे ताकि देशभर में लोगों का ब्रेनवॉश करने के लिए फर्जी कहानियां गढ़ी जा सकें।**

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

2024 का आम चुनाव ऐसी सरकार के लिए चेतावनी है जिसने शानदार प्रदर्शन किया और लंबे समय से चली आ रही जटिल चुनौतियों का समाधान भी किया। इस चुनाव से पहले दो महत्वपूर्ण घटनाएं घटीं: पहली मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में भारी जीत और दूसरी 500 वर्षों में सबसे बड़ी घटना, 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा। ऐसा लग रहा था कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए पूरे देश में गति पकड़ रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए, ₹अब की बार चार सौ पार₹ का नारा चुनाव की मुख्य दिशा बन गया। हालांकि, ऐसा लग रहा था कि एनडीए के नेता और उनकी जमीनी टीम और समर्थक यह मानकर निश्चिंत थे कि ₹मोदी है तो मुमकिन है।₹ 400 या उससे अधिक सीटों के साथ एक सुनिश्चित जीत के बारे में इस आत्मसंतुष्टि ने उन्हें वैश्विक डीप स्टेट ताकतों से बेखबर कर दिया, जो इंडी गठबंधन, शहरी नक्सलियों, कम्युनिस्टों और मार्क्सवादियों के समर्थन से एक टीम बना रहे थे ताकि देशभर में लोगों का ब्रेनवॉश करने के लिए फर्जी कहानियां गढ़ी जा सकें। इस तरह की सावधानीपूर्वक योजना, साथ ही झूठी कहानियां गढ़ने और उन्हें प्रत्येक घर में वितरित करने के लिए बड़ी मात्रा में धन के उपयोग ने मोदी सरकार में लोगों के विश्वास को हिला दिया। 400 सीटें मिलने पर संविधान को खत्म करना, आरक्षण को हटाना, बेरोजगारी बढ़ना, मोदी सरकार द्वारा भारी कर्ज के कारण देश को बेचना और इस तरह की कई अन्य फर्जी कहानियां लोगों का ब्रेनवॉश करने में काफी प्रभावी रहीं। इसका काफी असर हुआ है, जिसमें भाजपा को सिर्फ 240 सीटें मिलीं। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए लेकिन उन्होंने पार्टियों के समर्थन और शुरूआत में कम आत्मविश्वास के साथ ऐसा किया। हालाँकि, गांधी परिवार, इंडी गठबंधन, धार्मिक चरमपंथियों, धर्मांतरण माफियाओं, शहरी नक्सलियों, वोक और वैश्विक बाजार की ताकतों की ढहती मानसिकता ने अचानक उनके आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ा दिया। उन्होंने मोदी के लिए कम सीटों की व्याख्या इस संकेत के रूप में की कि हिंदुओं ने खुद को पीएम मोदी से दूर कर लिया है और हिंदुत्व की हार हुई है। उनका मानना था कि जाति के आधार पर हिंदुओं को अलग करना और झूठी कहानियों का इस्तेमाल करकर भ्रमित करना आसान था। हिंदुत्व अब हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण नहीं है। आत्मविश्वास में वृद्धि इतनी अधिक थी कि कई मुस्लिम प्रचारकों और चरमपंथियों ने हिंदुओं, हिंदू देवताओं और संस्कृति पर हमला करना शुरू कर दिया, अपनी ताकत का प्रदर्शन करने और पाकिस्तान और फिलिस्तीन के झंडे फहराने के लिए विभिन्न स्थानों और समय पर बड़ी सभाएँ आयोजित कीं। राहुल गांधी और कुछ अन्य इंडी गठबंधन के नेताओं ने हिंदुत्व पर प्रहार करना शुरू कर दिया, इस्लामी और ईसाई अनुष्ठानों और देवताओं की प्रशंसा करते हुए हिंदू संस्कृति और देवताओं को गाली दी। राहुल गांधी ने हिंदू एकता को कमजोर करने के लिए संविधान और आरक्षण के बारे में गलत जानकारी फैलाना शुरू कर दिया। वक्फ बोर्ड की मांगें प्रमुखता से उभरने लगी और जवाहरलाल नेहरू के वक्फ अधिनियम के तहत हिंदुओं की भूमि और संपत्ति की मांग करने लगे, जिसे बाद में सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकारों ने मजबूत किया था। राहुल गांधी और उनके इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने मोदी सरकार के वक्फ सुधार विधेयक का आक्रामक रूप से विरोध किया, जिसे हिंदुओं की रक्षा के लिए पेश किया गया था। जिस तरह आम चुनाव के दौरान और उसके बाद हिंदुओं और हिंदुत्व को निशाना बनाया गया, उससे हिंदुओं को साफ पता चल गया कि यह देश भविष्य में शरिया कानून और गहरी वैश्विक शक्तियों की इच्छाओं के अनुसार आगे बढ़ेगा। हिंदू (बौद्ध, जैन, सिख) आध्यात्मिक और धार्मिक गुरु, आरएसएस, वीएचपी और अन्य संगठनों ने हिंदू समुदाय के विभाजन के खतरों और राजनीतिक हिंदुत्व पर इसके प्रभाव को पहचान लिया। इसलिए वे सभी एक साथ आ गए। आरएसएस, वीएचपी और अन्य हिंदुत्व संगठनों की मदद से एकजुट धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं ने वक्फ बोर्ड अधिनियम, लव जिहाद, शरिया कानून, वोट जिहाद के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हिंदुओं की बड़ी सभाओं को संबोधित करके फर्जी आख्यानों पर काम करना शुरू कर दिया। कैसे इस्लामी शासन बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को नष्ट कर रहा है, मदरसा घृणित शिक्षा और इसके वित्तपोषण, हिंदुओं का धार्मिक रूपांतरण और इसके घातक प्रभाव और कैसे एकजुट हिंदू संविधान को विनाशकारी ताकतों से बचा सकते हैं। इस ज्ञान ने हिंदू समुदाय में एक बड़ी सकारात्मक लहर पैदा की, और उन्होंने पहचाना कि एकता कितनी महत्वपूर्ण है, यही वजह है कि 2019 और मौजूदा लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार विधानसभा चुनावों में वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई है। यहां तक कि भाजपा ने हिंदुओं या हिंदुत्व के लिए झूठे सेक्युलरीजम के किडे को दरकिनार कर दिया जिसके कारण विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण लाभ कमाया। कोई भी मीडिया आलोचना उन्हें हिंदुत्व के कारण का खुलकर समर्थन करने से नहीं रोक सकी। हिंदू और हिंदुत्व भाजप के केंद्र में रहे। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नारे ₹एक है तो सुरक्षित है₹ और ₹बटेंगे तो कटेंगे₹ ने हिंदुओं में जबरदस्त जागृति पैदा की। श्रेष्ठता और हीनता का सीमित जातीय दृष्टिकोण टूट गया है और हिंदू हरियाणा और महाराष्ट्र में इकठ्ठा मतदान करते दिखे। मुस्लिम नेता सज्जाद नोमानी और अन्य मौलवी और मुस्लिम संगठनों द्वारा इंडी गठबंधन को वोट देने के लिए ₹फतवा₹ जारी करने से हिंदू एकता बढ़ी है। धुले, महाराष्ट्र लोकसभा सीट वोट जिहाद को हिंदुओं को समझाया गया कि अगर वोट जिहाद के परिणामस्वरूप ऐसी सरकार बनती है जो मुसलमानों की महाराष्ट्र धर्म और सनातन धर्म विरोधी 17 मांगों को पूरा करती है तो यह पूरे हिंदू समुदाय के लिए कितना खतरनाक होगा। हिंदुत्ववादी ताकतों के संयुक्त प्रयासों ने हिंदू एकता को मजबूत किया और साथ ही सभी राजनीतिक दलों, खासकर हिंदुत्व का विरोध करने वाले और शरिया का समर्थन करने वालों को एक मजबूत संकेत दिया कि हिंदुओं को हल्के में नहीं लिया जा सकता है और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक नहीं माना जाना चाहिए। सभी क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों की टीम बनाकर और हर व्यक्ति तक सटीक जानकारी या आख्यान पहुंचाकर झूठे आख्यानों का भंडाफोड़ करना बहुत ही कारगर साबित हुआ है। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन द्वारा प्रचारित हर झूठे आख्यान को तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर पूरी तरह से ध्वस्त किया गया है। इससे लोगों में यह जागरूकता भी बढ़ी है कि संविधान, आरक्षण, व्यापार, उद्योग, उद्योगपति, अर्थव्यवस्था, महाराष्ट्र के गुजरात से संबंध, जाट और अन्य स्थानीय मुद्दे और किसानों की समस्याओं के बारे में राहुल गांधी और विपक्ष द्वारा प्रचारित आख्यान सभी फर्जी हैं और सही आख्यानों को हिंदुत्ववादी ताकतों द्वारा व्यवस्थित तरीके से संबोधित किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में जाट और मराठा आरक्षण कारक ने भाजपा को बहुत नुकसान पहुंचाया। मराठा, जाट और ओबीसी जाति की राजनीति ने भाजपा और उसके सहयोगियों को काफी नुकसान पहुंचाया है। जाटों और मराठों के मन को बदलना मुश्किल था क्योंकि उनके पक्ष में कौन था और कौन उनके खिलाफ काम कर रहा था यह उन्हें समझाना मुश्किल था। साथ ही, ओबीसी की भावनाओं को भी ध्यान से संबोधित किया जाना चाहिए। हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस जटिल कार्य को सहजता से पूरा किया, तथ्यों और आंकड़ों के साथ जागरूकता फैलाई कि क्यों सभी को हिंदुत्व के बैनर तले एकजुट होना चाहिए। इससे भाजपा और उसके सहयोगियों को बहुत लाभ हुआ है। मराठा, जाट और ओबीसी मतदाताओं ने जाति की राजनीति को दरकिनार करते हुए बेहतर और महान महाराष्ट्र और हरियाणा के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदान किया। चूंकि दोनों राज्यों में भी भाजपा की सरकार थी इसलिए मध्यम वर्ग, नव-मध्यम वर्ग, गरीब परिवारों, किसानों और मजदूरों के लिए पीएम मोदी की अलग-अलग योजनाओं को दोनों राज्य सरकारों ने सफलतापूर्वक लागू किया। बहनों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित सबसे रोमांचक और प्रभावी पहल, ₹लाडली बहन योजना₹ ने भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों के पक्ष में एक मजबूत सकारात्मक लहर पैदा की है। महिला बल ने बड़ी संख्या में भाजपा और उसके सहयोगियों को वोट दिया। हालांकि झारखंड में भाजपा नहीं जीत पाई लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में इसकी जीत ने विपक्षी दलों सहित सभी के मन को मौलिक रूप से बदल दिया है, जो पहले मानते थे कि भाजपा का अंत शुरू हो गया है। केंद्र सरकार मजबूत होगी और राष्ट्रहित में और अधिक ठोस निर्णय लेगी। अस्थिरता का मुद्दा भी पीछे हट गया है। वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम, यूसीसी और अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद के दोनों सदनों में जोरदार तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। अन्य दलों का समर्थन भी बढ़ेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों पर उठते सवाल

**। प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दर्शाते हैं।**

**प्रियंका सौरभ**

भारतीय संस्थानों से निकले एसटीईएम स्नातकों की एक बड़ी संख्या ऐसी है जिनमें आवश्यक कौशल का अभाव है। यह उद्योग और अनुसंधान प्रगति में बाधा डालता है। संस्थागत रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने से कई शिक्षण-केंद्रित संस्थानों ने अक्सर निम्न-गुणवत्ता वाले आउटलेट में प्रकाशन पत्र और पेटेंट को प्राथमिकता दी है, कई संस्थानों में संकाय पर अत्यधिक बोझ है, पेशेवर विकास के लिए बहुत कम समय या प्रोत्साहन है। संकाय भर्ती अक्सर स्थानीयकृत होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन और दृष्टिकोण की विविधता सीमित हो जाती है। क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी पहलों के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होती है लेकिन सीमित योग्य कर्मियों और अपर्याप्त प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के कारण इन पहलों का उपयोग कम होने का खतरा है। वर्तमान संरचना संसाधनों, पाठ्यक्रम या संकाय के आदान-प्रदान की सुविधा नहीं देती है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान के बीच विभाजन मजबूत होता है, विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में योगदान के अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारत अब एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है जहाँ देश में (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश केवल चलन नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दर्शाते हैं। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण कई लाभ लाता है, यह चुनौतियों को भी सामने लाता है जिन्हें व्यापक परिवर्तन के लिए सम्बोधित करने की आवश्यकता है। डिजिटल डिवाइड एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसमें प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच में असमानताएँ हैं। इस अंतर को पाटना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, प्रौद्योगिकी के उपयोग से लाभ उठाने के समान अवसर मिलें। शिक्षकों को भी अपने शिक्षण विधियों में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना सुनिश्चित करता है कि वे प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग, जिसमें डेटा गोपनीयता और सुरक्षा शामिल है, जिसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करना और शिक्षा प्रौद्योगिकी उपकरणों के विकास में नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण कदम हैं। शिक्षण-केंद्रित संस्थानों के मूल्यांकन को अनुसंधान मेट्रिक्स से अलग करके, रैंकिंग अनुसंधान आउटपुट पर शिक्षण गुणवत्ता को प्रतिबिंबित कर सकती है, जिससे इन संस्थानों पर निम्न-गुणवत्ता वाले अनुसंधान को आगे बढ़ाने का दबाव कम हो सकता है। शिक्षण संस्थानों को मूलभूत कौशल को मजबूत करने के लिए विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में, अनुसंधान पर शिक्षाशास्त्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक समर्पित ₹शिक्षण ट्रैक₹ शुरू किया जा सकता है, जिससे शिक्षाशास्त्र में रुचि रखने वाले संकाय सदस्यों को अकेले अनुसंधान आउटपुट के बजाय अपने शिक्षण कौशल के आधार पर आगे बढ़ने की अनुमति मिल सके। अनुसंधान संस्थान संयुक्त डिग्री कार्यक्रम बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी कर सकते हैं, जिससे उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अपना काम पूरा करने में मदद मिलेगी अनुसंधान-केंद्रित संस्थानों में अध्ययन। इस दृष्टिकोण का एक उदाहरण एनआईटी सूरत और आईआईटी बॉम्बे के बीच सहयोग है, जो छात्रों को एक प्रमुख संस्थान में उन्नत अध्ययन पूरा करने की अनुमति देता है। सरकारी फंडिंग को शिक्षण संस्थानों के भीतर शिक्षाशास्त्र में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की दिशा में निर्देशित किया जाना चाहिए। ये केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और एसटीईएम शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं के केंद्र के रूप में काम करेंगे, जिससे बड़े अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता के बिना प्रणालीगत सुधार होंगे।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मार्गशीर्ष अमावस्या पर सूर्यदेव को इन चीजों से देना चाहिए अर्घ्य

सनातन धर्म में मार्गशीर्ष अमावस्या की तिथि को बेहद उत्तम माना जाता है। इस तिथि को श्रद्धा का कारक माना गया है। अमावस्या का दिन विशेष रूप से श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने के लिए उपयुक्त माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि मार्गशीर्ष अमावस्या पर गंगा स्नान करने और दान-पुण्य करना शुभ होता है। वहीं मार्गशीर्ष अमावस्या पर सूर्यदेव की पूजा-अर्चना करने का विशेष विधान होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मार्गशीर्ष अमावस्या के दिन सूर्यदेव को किन चीजों से अर्घ्य देने से उत्तम परिणामों की प्राप्ति होती है।



### दूध से दें अर्घ्य

बता दें कि दूध को शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। सूर्यदेव को दूध का अर्घ्य देने से देवता ही प्रसन्न नहीं होते हैं, बल्कि व्यक्ति की आत्मा भी शुद्ध होती है। सूर्य देव को दूध से अर्घ्य देने से व्यक्ति को आत्मबल और स्वास्थ्य लाभ भी होता है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक सूर्यदेव को तांबे के लोटे में दूध से अर्घ्य देने से कर्ज से भी छुटकारा मिलता है और व्यक्ति के जीवन में सुख-संपन्नता आती है।

### जल में शहद मिलाकर दें अर्घ्य

मार्गशीर्ष अमावस्या पर जल में शहद मिलाकर सूर्यदेव को अर्घ्य दें। जल में शहद मिलाकर अर्घ्य देने से व्यक्ति को शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं औ? वैवाहिक जीवन में आने वाली परेशानियां खत्म हो जाती हैं। अमावस्या पर सूर्यदेव को जल में शहद मिलाकर अर्घ्य देने से कुंडली में स्थिति सूर्यदोष और बृहस्पति ग्रह से अशुभ प्रभावों से छुटकारा मिल जाता है।

### जल में हल्दी मिलाकर दें अर्घ्य

मार्गशीर्ष अमावस्या के दिन सूर्यदेव को जल में हल्दी मिलाकर अर्घ्य देना चाहिए। हल्दी को सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है और जल में हल्दी मिलाकर अर्घ्य देने से घर में सुख-शांति और समृद्धि का आगमन होता है। साथ ही हल्दी सूर्यदेव को भी प्रिय है और इससे अर्घ्य देने से सूर्यदेव प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति को उनकी कृपा प्राप्त होती है।

## सेहत

### रोजाना सुबह मुनक्का खाने से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे

आमतौर पर मुनक्का को काली किशमिश के नाम से भी जाना जाता है। यह बेहद ही स्वादिष्ट और पौष्टिक सुपरफूड है, जो कई तरह से स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। आवश्यक विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। मुनक्का का सेवन करने से पाचन सहायता से लेकर लेकर हृदय स्वास्थ्य में सुधार रखता है। आइए जानते हैं मुनक्का के फायदे और इसका सेवन कैसे करें। मुनक्का सेवन करने के लिए बेहद आसान तरीका है कि 5 मुनक्कों को रात भर पानी में भिगो दें और फिर अगली सुबह खाली पेट खाएं। बता दें, भिगोने से उनके पोषक तत्वों का अवशोषण बढ़ता है और उन्हें पचना आसान होता है। यदि आप मुनक्का को पानी में अच्छे से धो लो। फिर इसका बीज को निकाल दें। अब 5 से 10 मुनक्कों को सींख में डाल दें। फिर आप इसे आंच पर 2-3 मिनट तक चारों तरफ से भून लें। इसको अब एक प्लेट में निकाल लें, थोड़ा काला नमक और काली मिर्च छिड़कें, अच्छी तरह मिलाएं और आनंद लें। मुनक्का खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ने में मदद करताहै। इसमें एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, यह शरीर के हानिकारक मुक्त कणों से बचाने और संभावित संक्रमणों को रोकता है। अगर आप इसे नियमित रुप से सेवन करते हैं, तो सर्दी-जुकाम जैसी आम बीमारियों से बचा जा सकता है। इसमें आयरन, कैल्शियम और विटामिन सी होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। डायबिटीज के पैशेंट के लिए मुनक्का बेहद फायदेमंद होता है। मुनक्का सेवन से ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित करने में मदद करता है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, इसके सेवन से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करता है। बोरॉन और कैल्शियम से भरपूर होने के कारण, मुनक्का हड्डियों को मजबूत बना- में सहायक होता है। बोरोन हड्डियों के निर्माण में मदद करता है। वहीं, कैल्शियम अवशोषण में मदद करता है। जबकि इसमें मौजूद पोटेशियम हड्डियों के विकास में मदद करता है और ऑस्टियोपोरोसिस को रोकता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ



## डीसी ने ली कार्यों की जानकारी

**साहिबगंज:** निर्माणधीन इनडोर स्टेडियम कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाल गृह निर्माणधीन साइंस सेंटर नेत्रहीन विद्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। इनडोर स्टेडियम में जीम व योगा उपकरणों की समाग्रियों का प्रस्ताव जिला खेल विभाग द्वारा समर्पित करने को कहा और उपकरणों को अनाबद्ध राशि से खर्च करने व जीम योगा अथवा अन्य की बंदोबस्ती करने हेतु नगर परिषद को निर्देशित किया गया। उन्होंने नेत्रहीन विद्यालय में संपूर्ण विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए नेत्रहीन विद्यालय के छात्र-छात्राओं से मिले उनकी स्वास्थ्य व दिए जा रहे सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। विद्यालय परिसर में मॉडलर किचन व नालियों के निर्माण शौचालय की मरमती करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए । बाल गृह के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा पूर्व में दिए गए निदेर्शों के आलोक में किए गए कार्यों के विषय में जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा बाल गृह के बच्चों को उपायुक्त के हाथों ट्रैकसूट का वितरण भी किया गया।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव व एनआरईपी, डीएमएफटी के कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## बैग वितरण से बच्चों के बीच शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी : प्रधानाध्यापक



**साहिबगंज/उधवा:** शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार को उधवा प्रखंड के उर्दू मध्य विद्यालय इंग्लिश में बच्चों के बीच बैग का वितरण हुआ । जानकारी के अनुसार कक्षा छठा से आठवीं तक के सभी बच्चों के बीच प्रधानाध्यापक निपेन दास व अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से बैग का वितरण किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक निपेन दास ने कहा की सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा सभी बच्चों को इसलिए बैग उपलब्ध कराया है।ताकि उसमे पुस्तक आदि लेकर विद्यालय पहुंचकर अध्ययन का कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि बैग वितरण से बच्चों के बीच शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी। सरकार की यह योजना बेहद प्रशंसनीय है। कहा कि सभी नियमित बैग लेकर विद्यालय पहुंचें। बेहतर तरीके से अध्ययन का कार्य करे। कहा कि विद्यालय सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की दिशा में गंभीर है। उन्होंने बच्चों के बीच संदेश देते हुए कहा कि बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की जरूरत है। विद्यालय में जो टास्क दिया जाता है उसे घर में अवश्य पूरा करे। यदि पढ़ने व समझने में कोई दिक्कत होती हो तो दूसरे दिन विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों से आवश्यक सुझाव लें। यदि शिक्षकों के बताए रास्ते पर चलेंगे तो निश्चित रूप से उन्नति होगी। इधर बैग पाकर बच्चे काफी उत्साहित थे। मौके पर इकबाल आलम, नेहरूल इस्लाम, मुख्तार आलम, इमरान अंसारी, अल्ताफ हुसैन लाल शमीमा खातून, सद्दाम हुसैन, गौरंगों बिस्वास, मोजहरुल, लाल मौजूद थे।

## जलावन के ढेर में आग लगने से हजारों का नुकसान



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर महेशबथान गांव में जलवान के ढेर में अचानक आग लग गई। आगलगी की घटना में हजारों रुपए का जलावन जलकर राख हो गया। आग कैसे लगी है इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। जानकारी के अनुसार राधानगर महेशबथान के तारेश मंडल के घर के समीप जलावन का ढेर रखा हुआ था। तभी सोमवार को उसमे अचानक आग लग गई। आग लगते ही लोगों के बीच अफरा तफरी मच गई। घटना के समय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। वही स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस घटना में पीड़ित को हजारों रुपए का नुकसान पहुंचा है। पीड़ित ने बताया कि जलावन में कैसे आग लगी है,इसकी स्पष्ट रूप जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। उन्होंने इस वारदात के पीछे किसे असामाजिक तत्वों पर आशंका व्यक्त किया है।

## आज यदि वे विधायक बने हैं तो इसका श्रेय आम जनता को जाता है : विधायक



**साहिबगंज:**राजमहल के विधायक मो.ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सोमवार को मंगलहाट से सुकसेना होते हुए लालमाटी मखानी बेलदारचक तक आम लोगों से मुलाकात कर लोगों को उन्हें विधायक चुने जाने पर धन्यवाद दिया है।विधायक ने कहा कि आज यदि वे विधायक बने हैं। तो इसका श्रेय आम जनता को जाता है।जिन्होंने उसे इस लायक समझा है.उनका प्रयास होगा कि सभी 383 बूथों से जुड़े लोगों को विधायक होने का सेवा कर सके.जनता ने उन्हें भारी मतों से चुनाव जिताया है. इसका मतलब स्पष्ट है कि जनता ने उसे अपना पूर्ण समर्थन दिया है.जनता के इस विश्वास को वे टूटने नहीं देंगे।विभिन्न गांवों के आम लोगों ने जगह-जगह पर विधायक एमटी राजा का स्वागत तिलक व आरती उतार कर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष घीसू शेख प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास यादव,विशुत्री उपाध्यक्ष सुदर्शन पासवान,दुर्गा प्रसाद मंडल,सुभाष चंद्र दास,सुरेश मंडल,प्रकाश मंडल,श्रवण मंडल,गोपाल मंडल,जीतू यादव,रामदेव मंडल,वासुदेव मंडल,अन्य दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय समस्या को जल्द ही उपायुक्त से मिलकर समाधान करेंगे : विधायक



**साहिबगंज/उधवा:** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत में के एंड के ऑक्सफोर्ड स्कूल के पीछे आम बगीचा में सोमवार को सेविकाओं ने राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा का स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान सेविकाओं ने विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा को बुके व माला पहनाकर भव्य स्वागत करते हुए । स्वागत के उपरांत सेविकाओं ने अपना मांगपत्र विधायक को सौंपा। मांगपत्र में सेविकाओं ने बताया कि सरकार द्वारा सेविकाओं को दिया जाने वाला मानदेय का केन्द्रांश की राशि नियमित रूप से नहीं मिल रही है। बीते सात माह से केन्द्रांश की मानदेय बकाया है। जून और अगस्त 2022 और मार्च 2023 का पोषाहार की राशि भुगतान नही हुआ। मांगपत्र में आगे बताया कि राज्य की सेविकाओं सहियकाओ को एक कुशल मजदूर की भांति प्रतिदिन 600 व 300 के हिसाब से मानदेय में दिया जाए। सेविका सहायिकाओं को राज्य कर्मी कर्मचारी घोषित करते हुए वेतनमान किया जाए। सेविका की सेवानिर्मित होने पर एक मुस्त सेविकाओं को 5 लाख सहायिकाओं को 3 लाख और उनके आश्रित के एक सदस्य सरकारी नौकरी दिया जाए सहित अन्य मांगों को रखा साथ ही सेविकाओ की अन्य समस्या को विधायक के समक्ष रखा।

विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि जिला स्तरीय समस्या को जल्द ही इस जिला उपायुक्त से मिलकर समाधान किया जायेगा जल्द ही सभी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया जाएगा।साथ ही राज्य स्तरीय समस्या को विधानसभा में रखेंगे। मौके पर सेविका शबनम परवीन, उषा कुमारी,अजमिरा बीबी,अंगुरा बीबी,रुकसाना बीबी, रेहाना बीबी, तहुरा बीबी,ऐनुल हक अंसारी, मैनुल हक सहित अन्य मौजूद थे।

# राज्य में अपराधी बेलगाम : अनन्त ओझा

■ सालिग्राम मंडल के हत्या करने वाले का शीघ्र हो गिरफ्तारी ■ हत्यारा को मिलनी चाहिए कड़ी से कड़ी सजा



**साहिबगंज/राजमहल:** प्रखंड के राजमहल थाना क्षेत्र दलाही गांव निवासी शालिग्राम मंडल को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।मंगलवार को सुबह राजमहल के पूर्व विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनन्त ओझा पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पर पहुँचे।घटना की जानकारी ली।पूर्व विधायक अनंत ओझा ने शालिग्राम मंडल के पार्थिव शरीर का दर्शन कर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए,पीड़ित परिवाजनों को भरोसा दिया कि इस दुःख के घड़ी में मै मजबूती के साथ खड़ा हुँ अपराधी का शीघ्र गिरफ्तारी हो और उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके लिए जिला प्रसासन से मांग करूँगा।इस अवसर पर पूर्व विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि हेमन्त सोरेन सरकार पार्ट दो में भी राज्य की कानून व्यवस्था बदहाल हैं। अब तो इस जिले में भी पूरा राज उनका ही फिर भी यहाँ दीन दहाड़े अपराधी गोली मारकर लोगों को हत्या कर दे रहा हैं।चुनाव के बाद से यहाँ डरावना माहौल बना हुआ हैं। व्यवसायी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है।अनन्त ओझा ने कहा कि शालिग्राम मंडल के परिवार से परिवार से मिलकर दुख साझा किया.इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस अवसर पर उपस्थित तीन पहाड़ थाना प्रभारी से अनन्त ओझा ने घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त किया।अपराधी को अब तक गिरफ्तार करने के लिए पुलिस प्रशासन अब तक क्या प्रयास किया उसकि जानकारी ली।पूर्व विधायक ने मांग किया कि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिले इसके लिए पुलिस प्रशासन शीघ्र अपराधी को गिरफ्तार करके कड़ी से कड़ी सजा दिलाये।



## उपायुक्त ने की शिक्षा व समाज कल्याण विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। शिक्षा विभाग के द्वारा जिला के सभी प्रखंडों में निमार्ण के विषय में जानकारी ली बताया गया कि जिला के चार प्रखंडों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष बचे प्रखंडों में निमार्ण का कार्य किया जा रहा है।उपायुक्त ने निदेश करते हुए कहा कि तय समय पर कार्यों को पूर्ण करें व सभी प्रखंडों में पुस्तकालय प्रबंधक समिति का गठन किया जाए ।समाज कल्याण विभाग द्वारा आंगनबाड़ी निमार्ण की जानकारी ली व ससमय कार्यो को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।मैके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला सहकारी पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, डॉ हसीब हक डीएम एफटीआई के कर्मी उपस्थित थे।

## घने जंगल में चल रहा था अवैध महुआ शराब बनाने का धंधा, ड्रोन कैमरे की मदद से हुआ खुलासा



**गिरिडीह:** उत्पाद विभाग की टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से अवैध रूप से महुआ शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया है. खुलासा होने के बाद उत्पाद विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी की. इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में जावा महुआ और शराब जब्त किया. यह पूरी कार्रवाई जिला के लोकायनयनपुर थाना क्षेत्र में हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्पाद निरीक्षक रवि रंजन ने बताया कि लोकायनयनपुर थाना अंतर्गत थानसिंहडीह ओपी क्षेत्र में घने जंगलों के बीच अवैध रूप से महुआ शराब का काम चल रहा था. इस शराब को एक मिनी फैक्ट्री के द्वारा संचालित की जा रही थी. सूचना मिलने के बाद ड्रोन कैमरे की मदद से कारीपहाड़ी के घने जंगल को स्कैन किया गया, जिसके बाद अड्डे पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 8600 किलोग्राम जावा महुआ, 350 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया. जबकि मौके पर शराब बनाने वाली भट्टी को नष्ट किया गया. बताया गया कि कार्रवाई के बाद उत्पाद विभाग की टीम इस धंधे में शामिल कारोबारी के खिलाफ फरार होने का आरोप दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. बता दें कि छापेमारी का नेतृत्व उत्पाद अधीक्षक रवि रंजन कर रहे थे. जबकि टीम में अवर निरीक्षक अमित कुमार चौधरी, लोकायनयनपुर थाना प्रभारी नीरज कुमार, थानसिंहडीह थाना प्रभारी राजेश कुमार पटेल दल बल के साथ मौजूद थे।

## ओडिशा से बिहार ले जा रहे थे गांजा, चतरा में पकड़े गये चार तस्कर



**चतरा:** जिला की सदर पुलिस ने पाराडीह-बधार रोड से 8 लाख रुपये मूल्य के गांजा के साथ 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है. बरामद गांजा का वजन 80 किलो बताया जा रहा है. साथ ही एक वाहन, चार बाइक व आठ प्लास्टिक का टब जब्त किया गया. पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार तस्करों में बिहार के गया जिला इमामगंज थाना क्षेत्र के साहपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार तिवारी (पिता मनोज तिवारी), गया जिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एसएन कॉलोनी निवासी बब्लू कुमार (पिता जर्नादन प्रसाद), मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिला केसला थाना क्षेत्र के मरायपुर निवासी संजू उइके (पिता राजू उइके) और खंडवा जिला मुंडा थाना क्षेत्र के गोराना निवासी रमेश टाकिया (पिता चेतराम टाकिया) शामिल हैं. ये सभी ओडिशा से गांजा लेकर बिहार की ओर जा रहे थे.

सोमवार को प्रेस वार्ता कर यह जानकारी थाना प्रभारी विपिन कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि पाराडीह-बधार रोड से गांजा लेकर जा रहे हैं. इसी सूचना के आलोक में छापामारी टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर पहुंचकर चार लोगों को गांजा के साथ पकड़ा। उनके वाहन की तलाशी के दौरान 80 पैकेट में बंद गांजा जब्त किया गया. वहीं इस कार्रवाई में दो तस्कर मौके से भाग गये. इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया. वहीं वाहन, बाइक को जब्त कर उनके मालिक व फरार तस्कर की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।



## धनबाद में हाइवा ने बाइक सवार महिला वकील को रौंदा, फूटा लोगों का गुस्सा

**धनबाद:** झरिया- सिंदरी मुख्य मार्ग के कतरास मोड़ से भगतडीह चौक तक हाइवा ने आतंक मचा कर रखा है. हाइवा के आतंक से आए दिन लोग अपनी जान गंवा दे रहे हैं. इसी मार्ग पर दुखहरनी मंदिर के समीप बाइक पर सवार एक महिला वकील हादसे का शिकार हो गई. तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार महिला वकील को रौंद डाला. इस हादसे में महिला वकील की मौके पर ही मौत हो गई है. बता दें कि महिला वकील का नाम नेहा अग्रवाल है. वह डिगवाडीह की रहने वाली थी. घटना के बाद लोग आक्रोशित हो गए. लोगों ने दुखहरणी मंदिर के सड़क को जाम कर दिया है. लोगों ने बताया कि कोर्ट से निकलने के बाद वकील नेहा अग्रवाल अपने पति श्याम अग्रवाल के साथ बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रही थी. दुखहरनी मंदिर के समीप भगतडीह चौक की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी. जिसके बाद हाइवा का चक्का नेहा अग्रवाल पर चढ़ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों के भीड़ मौके पर जुड़ गई है. लोगों ने झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया है। लोगों का कहना है कि आए दिन इस रूट पर हादसे में लोग अपनी जान गवा दे रहे हैं, लेकिन प्रशासन की तरफ से हाइवा के रूट का निर्धारण नहीं किया जा रहा है. इस रूट पर लगातार हादसे होते हैं।

# नक्सलियों के नाम पर वसूलते थे रंगदारी, हथियार समेत शिकंजे में आए दो अपराधी



**लातेहार:** जिला में हो रहे आपराधिक गतिविधियों के बीच पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए आपराधिक घटना की योजना बना रहे दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार अपराधियों में पलामू पांकी निवासी गुड्डू राम और लातेहार हेरहंज निवासी कमलेश यादव शामिल है. दोनों की गिरफ्तारी हेरहंज-पांकी थाना के बॉर्डर से की गई

दरअसल, लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि हेरहंज और पांकी थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित इचाक जंगल में कुछ अपराधी हथियार के साथ जमे हुए हैं और किसी हिंसक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं. इस सूचना के बाद पुलिस की टीम बनाई गई और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी कर छापामारी की गई। हालांकि पुलिस को देखकर अपराधी भागने लगे पर पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया. छानबीन में उनके पास से एक देसी राइफल, एक देसी रिवॉल्वर समेत कई गोलियां बरामद हुई. अपराधियों के पास से नक्सली संगठन से संबंधित पर्चा भी बरामद हुआ। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अपराधी विभिन्न नक्सली संगठनों के नाम पर रंगदारी वसूलने का कार्य करते थे. इन अपराधियों के द्वारा हिंसक घटनाओं को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैलाने का भी कार्य किया जाता था. उन्होंने कहा कि सोमवार की रात को हिंसक घटना को अंजाम देने के लिए ही अपराधियों के द्वारा योजना बनाई जा रही थी. लेकिन परंतु पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने सटीक कार्रवाई कर दो अपराधी को गिरफ्तार कर लिया. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी मिली है. इस छापामारी दल में हेरहंज थाना प्रभारी समेत कई पुलिस के अधिकारी शामिल रहे।

# नाना पाटेकर की फिल्म 'वनवास' का दिल छू लेने वाला ट्रेलर रिलीज




नाना पाटेकर मराठी-हिंदी-साउथ में काम करने वाले लोकप्रिय अभिनेता हैं। नाना की फिल्में न सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन करती हैं, बल्कि उन्हें इमोशनल भी कर देती हैं। नाना पाटेकर की एक ऐसी ही आने वाली फिल्म खूब चर्चा में है। फिल्म 'वनवास' का कुछ दिनों पहले टीजर रिलीज हुआ था और अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें कोई शक नहीं कि 'वनवास' का ट्रेलर देखकर आपकी आंखों में आंसू आ जाएंगे।

'वनवास' के ट्रेलर की शुरूआत में हम देख सकते हैं कि नाना पाटेकर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जिंदगी का आनंद ले रहे हैं। जीवन के आरंभ में नाना अपने परिवार के साथ मजेदार पल बिताते हैं। फिर अचानक ट्रेलर कुछ साल आगे बढ़ जाता है। फिल्म ह्यवनवासह्न के ट्रेलर में नाना पाटेकर का किरदार अपने परिवार के साथ वाराणसी आता है। उनका परिवार उन्हें यही अकेला छोड़ जाता है। ऐसे में वह उत्कर्ष के किरदार से मिलते हैं और दोनों के बीच एक अलग रिश्ता बनता है। आखिर में उत्कर्ष का किरदार वादा करता है, वह उन्हें उनके बच्चों से मिलवा देगा, लेकिन आगे कुछ ऐसा होता है कि नाना का किरदार अपना ही पिंडदान कर देता है। ट्रेलर में फिल्म की कहानी की जो झलक मिली है, उससे अहसास होता है कि यह एक भावनात्मक कहानी साबित होगी। आगे क्या होगा? जब ये फिल्म आएगी तब ही पता चलेगा। इस फिल्म को सुपरहिट फिल्म 'गदर' और 'गदर-2' के निर्देशक अनिल शर्मा ने निर्देशित किया है। यह फिल्म 20 दिसंबर को रिलीज होगी

# सोनाली सहगल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया बेटी का नाम

**'प्यार** का पंचनामा' फेम एक्ट्रेस सोनाली सहगल के घर हाल ही में एक नन्हा मेहमान आया है। 27 नवंबर को उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने बेटी के नाम का ऐलान किया है। सोनाली ने 2023 में बिजनेसमैन आशीष सजनानी से शादी की और डेढ़ साल बाद उनके घर पर शादी हुई। सोनाली और आशीष माता-पिता बन गए हैं। सोशल मीडिया पर देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस ने बेटी के पैरों की एक खूबसूरत फोटो शेयर करके उसका नाम बताया है। सोशल मीडिया पर शेयर की गई एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, ्रहम अपनी प्यारी बच्ची को आपसे मिलवा रहे हैं। हमने उसका नाम



शुक्र रखा है। इसका मतलब है कि जीवन में हमारे पास जो कुछ भी है उसके लिए हम आभारी हैं। उसका जन्म हमारे लिए एक चमत्कार की तरह है। मुझे उम्मीद है कि उसे जिंदगी में सब कुछ मिलेगा। हम उसके जन्म की खुशी को बयां भी नहीं कर सकते। सोनाली के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने 'प्यार का पंचनामा', 'जय मम्मी दी', 'प्यार का पंचनामा-2', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', 'सेटर्स', 'हाइजैक', 'नूरानी चेहरा', 'जाने' में काम किया है।

# अभिनेता विक्रांत मैसी ने किया बॉलीवुड से संन्यास का ऐलान

'12वीं फेल' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद अब बॉलीवुड एक्टर विक्रांत मैसी की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' सिनेमाघरों में है। विक्रांत बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं की सूची में गिने जाते हैं। इसी बीच 37 वर्षीय अभिनेता विक्रांत मैसी ने एक्टिंग से संन्यास लेने का ऐलानकिया है। विक्रांत ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर यह जानकारी दी है। उनकी इस पोस्ट पर फैन्स और सेलिब्रिटीज ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। मैसी 'सेक्टर 36' और 'दिलरुबा' जैसी विविधता वाली फिल्मों के लिए भी जानें जाते हैं। अभिनेता विक्रांत मैसी ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, पिछले कुछ साल मेरे लिए काफी असाधारण रहे हैं। आप सभी के सहारे के लिए आपका शुक्रिया। जैसे-जैसे मैं जीवन में आगे बढ़ता हूं, मुझे एहसास होता है कि अब खुद को सुधारने और एक पति, पिता और अभिनेता के रूप में घर लौटने का समय आ गया है। विक्रांत मैसी ने पोस्ट में लिखा, सही समय आने तक हम 2025 में आखिरी बार एक-दूसरे को देखेंगे। पिछली दो फिल्मों और कई वर्षों की यादों के लिए सभी को एक बार फिर धन्यवाद। मैं आपका ऋणी रहूँगा। विक्रांत की इस पोस्ट को देखते ही फैंस हैरान हो गए हैं। कई लोगों ने उनसे यह फैसला न लेने को कहा है। कुछ ने दिल टूटने वाले इमोजी कमेंट किए हैं। कुछ प्रशंसकों का कहना है कि आप भारत के सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक हैं, इसलिए इंडस्ट्री मत छोड़ें। विक्रांत की पोस्ट पर एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने उनके नाम और रेड हार्ट इमोजी के साथ कमेंट किया है। विक्रांत मैसी का टीवी सीरीज से लेकर फिल्मों तक का सफर जारी रहा। टीवी से अपने करियर की शुरूआत करने वाले विक्रांत ने एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह और फैन बेस बनाया। विक्रांत के पोस्ट के बाद फैंस भी सोच रहे हैं कि क्या वह सच में रिटायर हो रहे हैं या फिल्म के प्रमोशन के लिए ऐसा किया जा रहा है।



# रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ राजस्थान में वेकेशन पर सारा अली खान

बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री सारा अली खान अपने कथित बॉयफ्रेंड के साथ राजस्थान में छुट्टी पर हैं। अफवाह है कि सारा अर्जुन प्रताप बाजवा को डेट कर रही हैं। हाल ही में सारा और अर्जुन राजस्थान में छुट्टियों का लुत्फ उठाते नजर आ रहे हैं। दोनों ने होटल से अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। एक तरफ सारा राजस्थानी माहौल का आनंद लेती नजर आ रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ अर्जुन प्रताप बाजवा ने होटल के जिम में एक्सरसाइज करते हुए तस्वीर पोस्ट की है। इस फोटो से फैन्स ने अंदाजा लगा लिया है कि दोनों साथ हैं। इससे पहले सारा अली खान केदारनाथ में अर्जुन के साथ उनकी तस्वीरें खूब वायरल हुई थीं। सारा अली की निजी जिंदगी काफी चर्चा में रही है। एक्टिंग के अलावा सारा अपने सोशल मीडिया के जरिए भी दर्शकों का मनोरंजन करती हैं। एक्ट्रेस का सिंपल गेस उनके फैंस को हमेशा इम्प्रेस करता है। सारा सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव रहती हैं। उनकी हर पोस्ट फैन्स का ध्यान खींचती है। सारा अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह फिल्म 'स्काई फोर्स' में नजर आएंगी। इस फिल्म में सारा अली खान एक बार फिर अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इससे पहले दोनों 'अतरंगी रे' में नजर आए थे। इसके अलावा एक्ट्रेस के पास अनुराग बसु निर्देशित फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' भी है।



# लेवर कप 2025: कार्लोस अल्काराज और टेलर फ्रिट्ज टूनार्मेंट के पहले खिलाड़ी घोषित

**नई दिल्ली :** कार्लोस अल्काराज और टेलर फ्रिट्ज, लेवर कप के आठवें संस्करण के लिए पहले खिलाड़ी हैं, जिसका आयोजन 19-21 सितंबर, 2025 तक सैन फ्रांसिस्को के चेस सेंटर में किया जाएगा। हाल ही में बर्लिन में हुए लेवर कप 2024 में स्पेन के अल्काराज और अमेरिकी फ्रिट्ज ने टेनिस प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके बीच हुए इस रोमांचक मैच में अल्काराज विजयी हुए और प्रतियोगिता के 12वें मैच में टीम यूरोप की जीत पक्की हो गई। जैसे ही टीम यूरोप ने जीत हासिल की, इसने अगले साल के टूनार्मेंट में इन दो उभरते सितारों के बीच फिर से प्रतिद्वंद्विता के लिए मंच तैयार कर दिया। महज 21 साल की उम्र में, अल्काराज ने टेनिस इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। 2022 में, वह यूएस ओपन में सबसे कम उम्र के विश्व नंबर 1 और पहले किशोर ग्रैंड स्लैम चैंपियन बन गए। कई एटीपी खिताब, दो विंबलडन चैंपियनशिप (2023 और 2024), एक रोलैंड गैरोस खिताब (2024) और एक ओलंपिक रजत पदक के साथ उनकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता जारी रही है। स्पैनियार्ड ने लेवर कप 2024 में टीम यूरोप के टैली में आठ अंक भी जोड़े। शीर्ष रैंक वाले अमेरिकी फ्रिट्ज ने 2024 में टेनिस सर्किट पर एक महत्वपूर्ण ताकत के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में युगल में कांस्य पदक जीता और यूएस ओपन के फाइनल में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया।



# रिवर प्लेट में फिर से शामिल हो सकते हैं कोलंबियाई मिडफील्डर जुआन फर्नांडो क्विंटेरो

एजेंसी

**ब्यूनस आयर्स :** कोलंबिया के अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर जुआन फर्नांडो क्विंटेरो अर्जेंटीना के प्रतिद्वंद्वी क्लब रेसिंग से अपने पूर्व क्लब रिवर प्लेट में फिर से शामिल हो सकते हैं। समाचार आउटलेट टॉप मकार्टो के अनुसार, क्विंटेरो का अनुबंध दिसंबर 2026 तक रेसिंग के साथ है, लेकिन जनवरी में ब्यूनस आयर्स के दिग्गजों में संभावित वापसी के बारे में रिवर अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बातचीत की है। पूर्व पोर्टो खिलाड़ी ने 2018 कोपा लिबटार्डोरेस फाइनल में प्रतिद्वंद्वी बोका जूनियर्स पर अतिरिक्त समय की जीत में निर्णायक गोल करने के बाद रिवर में आइकन का दर्जा हासिल किया। वह 2022 में क्लब के साथ दूसरे कार्यकाल के लिए लौटे। 31 वर्षीय खिलाड़ी अक्सर रिवर प्लेट के मैनेजर मार्सेलो गैलार्डो की तारीफ करते रहे हैं, जिनके साथ उनकी घनिष्ठ मित्रता बनी हुई है। संभावित स्थानांतरण की खबर क्विंटेरो द्वारा रेसिंग को कोपा सुदामेरिकाना खिताब दिलाने में मदद करने के एक सप्ताह से भी कम समय बाद आई है, जो 1988 के बाद से क्लब की पहली अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी है।




# मैनेजर के रिक्त पद के लिए सैंटोस की नजर कास्त्रो पर

**रियो डी जेनेरियो :** आठ बार के ब्राजीलियाई सीरी ए चैंपियन क्लब सैंटोस 2025 सीजन के लिए पुर्तगाली कोच लुइस कास्त्रो को साइन करने की तैयारी कर रहा है। पिछले महीने फैबियो कैरिल से अलग होने के बाद से आठ बार का सीरी ए चैंपियन क्लब बिना मुख्य कोच के है। सैंटोस अगले साल सीरी बी खिताब हासिल करने के बाद ब्राजील की शीर्ष उड़ान में वापस आ जाएगा, दूसरे स्थान पर रहने वाले मिरासोल से एक अंक आगे रहेगा। 63 वर्षीय कास्त्रो सितंबर में सऊदी प्रो लीग की टीम अल नासर को निराशाजनक परिणामों के बाद छोड़ने के बाद से बेरोजगार हैं। ब्राजील में व्यापक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार रिक्त सैंटोस मैनेजर पद से जुड़े अन्य नामों में कुका, रेनाटो गौचो और एंटोनियो ओलिवेरा शामिल हैं।



# बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ग्रीव्स, जंगू वेस्टइंडीज की टीम में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विकेटकीपर बल्लेबाज आमिर जंगू को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की वनडे टीम में पहली बार शामिल किया गया है। ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स की भी वनडे टीम में वापसी हुई है, जिन्हें पिछले महीने की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर रखा गया था। जंगू और ग्रीव्स दोनों को घरेलू सुपर 50 एकदिवसीय टूनार्मेंट में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। यह टूनार्मेंट पिछले महीने के अंत में असाधारण परिस्थितियों में संपन्न हुआ था, जब दो फाइनलिस्ट, बारबाडोस प्राइड और जमैका स्कॉर्पियन्स ने टॉस के लिए नहीं आने और फाइनल को छोड़ने का फैसला किया था। त्रिनिदाद और टोबैगो के लिए खेलने वाले जंगू ने टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर



सात पारियों में 89.20 की औसत से 446 रन बनाए, जिसमें तीन अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है। इस बीच, ग्रीव्स रन बनाने की सूची में दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने पांच पारियों में 133.66 की औसत से 401 रन बनाए, जिसमें तीन बैक टू बैक शतक शामिल हैं। उन्होंने पिछले हफ़्ते बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में अपना पहला टेस्ट शतक भी लगाया था, जिसे वेस्टइंडीज ने 201 रन से जीता था।

वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा, ्रग्रीव्स शीर्ष छह में कहीं भी बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं और टीम में वह वास्तविक ऑलराउंड क्षमता लाते हैं, जिसका इस स्तर पर स्वागत किया जाता है। सीजी यूनाइटेड सुपर 50 में जंगू की कुशलता हमारी बल्लेबाजी इकाई में एक और आयाम लाने के लिए उनके लचीलेपन को दशार्ती है। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीतने वाली टीम से हेडन वॉल्श और ज्वेल एंड्रयू को बाहर रखा है। विज्ञप्ति में आगे कहा गया है कि एंड्रयू उभरते क्षेत्रीय बल्लेबाजों के समूह में शामिल होंगे जो चेन्नई अकादमी में बल्लेबाजी शिविर में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे, जिसमें मुख्य ध्यान स्पिनिंग परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने पर होगा। सैमी ने कहा, ्रहम पुरुषों के 50 ओवर के विश्व कप के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ना जारी रखते हैं, जहाँ हम श्रृंखला जीतने के अल्पकालिक उद्देश्यों के साथ-साथ खिलाड़ियों के पूल को व्यापक बनाने की कोशिश कर रहे हैं, खासकर घरेलू मैदान पर। टीम के बाकी खिलाड़ी उम्मीद के मुताबिक ही हैं। कप्तान शाई होप और उनके डिप्टी ब्रैंडन किंग बल्लेबाजी इकाई की कमान संभालेंगे, जिसमें एविन लुईस, शिमरॉन हेटमायर, शेरफेन रदरफोर्ड, कीसी कार्टी और रोस्टन चेस शामिल हैं। अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, जेडन सील्स और मैथ्यू फोर्ड तेज गेंदबाजी इकाई का नेतृत्व करेंगे। गुडाकेश मोती स्पिन गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व करेंगे।

बांग्लादेश के खिलाफ तीनों वनडे मैच क्रमशः 8, 10 और 12 दिसंबर को बैसेटेरे में खेले जाएंगे। श्रृंखला के बाद 16 दिसंबर से किंग्सटाउन में तीन टी20 मैचों की श्रृंखला होगी। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे के लिए वेस्टइंडीज की टीम- शाई होप (कप्तान), ब्रैंडन किंग (उप-कप्तान), कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, शिमरोन हेटमायर, आमिर जंगू (विकेट कीपर), अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड।

# फीफा ने 2030, 2034 विश्व कप के लिए जारी की बोली मूल्यांकन रिपोर्ट

एजेंसी

**जिनेवा :** विश्व फुटबाल नियामक संस्था फीफा ने 2030 और 2034 फीफा विश्व कप के लिए बोली मूल्यांकन रिपोर्ट जारी कर दी है और 11 दिसम्बर को फीफा कांग्रेस की बैठक में इन टूनार्मेंटों के मेजबान का निर्धारण किया जाएगा। फीफा ने कहा कि ये रिपोर्ट फीफा कांग्रेस के वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत की जाएंगी, क्योंकि फीफा ने आयोजन की दृष्टि, स्थिरता और मानवाधिकारों के लिए बुनियादी ढांचे, सेवाओं और वाणिज्यिक पहलुओं का मूल्यांकन करने के लिए बोली लगाने वाले देशों का दौरा किया था। उम्मीदवार के रूप में, मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन ने नवंबर 2023 में 2030 विश्व कप के लिए संयुक्त बोली भेजी है, जबकि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पैराग्वे ने भी प्रत्येक देश में 2030 विश्व कप मैच के साथ शताब्दी समारोह की मेजबानी के लिए बोली लगाने वालों के रूप में पुष्टि की है, जबकि सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ ने 2034 विश्व कप के लिए एकल बोली प्रस्तुत की है।



# मुख्यमंत्री साय रायगढ़ जिले को देंगे 135 करोड़ रुपयों के विकास कार्यों की सौगात

एजेंसी



**रायगढ़ :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त की राशि ऑनलाइन जारी करेंगे। इस योजना की हितग्राही लगभग 70 लाख माताओं-बहनों के खाते में एक-एक हजार रुपये राशि का अंतरण होते ही उनके मोबाइल में एक बार फिर से खुशियों का नोटिफिकेशन पहुंचेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 3 दिसम्बर को रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त के रूप में 652 करोड़ 4 लाख रूपए की राशि जारी करेंगे। मार्च 2024 से राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम और सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना के तहत कुल 6530 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि आर्थिक मदद के रूप में दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री श्री साय, रायपुर की तर्ज पर रायगढ़ के मरीन ड्राईव एरिया में 42 करोड़ की लागत से बनने वाले नालंदा परिसर का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री इस मौके पर रायगढ़ जिले को 135 करोड़ रुपये की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात भी देंगे, जिसमें 97 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत से निर्मित 67 कार्यों का लोकार्पण तथा 37 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 13 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री रायगढ़ के निगम ऑडिटोरियम में उत्कल ब्राम्हण सम्मेलन में भी शामिल होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर पुलिस परेड ग्राउण्उ से सुबह 11.05 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर 11.55 बजे रायगढ़ पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे से एक बजे तक रायगढ़ नगर पालिका ऑडिटोरियम में आयोजित उत्कल ब्राम्हण सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात रायगढ़ मरीन ड्राईव के पास दोपहर एक बजे से नालंदा परिसर के भूमिपूजन कार्यक्रम तथा दोपहर 2.05 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में महतारी वंदन योजना के राशि वितरण एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री साय आज महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त करेंगे जारी



**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज मंगलवार को महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त की राशि ऑनलाइन जारी करेंगे। इस योजना की हितग्राही लगभग 70 लाख माताओं–बहनों के खाते में एक–एक हजार रुपये राशि का अंतरण होते ही उनके मोबाइल में एक बार फिर से खुशियों का नोटिफिकेशन पहुंचेगा। मुख्यमंत्री आज रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त के रूप में 652 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि जारी करेंगे। मार्च 2024 से राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम और सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना के तहत कुल 6530 करोड़ 70 लाख रूपए की राशि आर्थिक मदद के रूप में दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री साय, रायपुर की तर्ज पर रायगढ़ के मरीन ड्राईव एरिया में 42 करोड़ की लागत से बनने वाले नालंदा परिसर का भूमिपूजन करेंगे।

## सीएम योगी की अध्यक्षता में प्रादेशिक कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन का किया गया प्रस्तुतिकरण

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज उनके सरकारी आवास पर प्रादेशिक कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि दुग्ध सहकारी समिति से जुड़े कर्मियों का उचित प्रशिक्षण कराया जाये और उन्हें आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये जाएं। प्रदेश में दुग्ध सहकारी समितियों और दुग्ध संघों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित की जाए। इसके लिए प्रत्येक गांव व किसानों से दुग्ध सहकारी समितियां संवाद स्थापित कर अपने कार्यों को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाएं। किसानों को दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए बेहतर नस्ल के दुधारू पशुओं के पालन के लिए जागरुक किया जाए। साथ ही किसानों को दुधारु पशुओं के पालन-पोषण के लिए वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षित किया जाए। इससे डेयरी संघों में दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि होगी और किसानों की आय भी बढ़ेगी। इन सभी कार्यों में आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका है। डेयरी क्षेत्र महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ है। बुंदेलखंड क्षेत्र में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। दुग्ध सहकारी समितियों और दुग्ध संघों में महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुग्ध संघों में हर स्तर पर जवाबदेही तय करते हुए कार्य के टॉरगेट तय किये जाएं। दूध के संग्रह की क्षमता बढ़ाते हुए दूध की गुणवत्ता परीक्षण के कार्यों को बेहतर किया जाए। डेयरी क्षेत्र को किसानों के लिए अधिक फायदेमंद बनाने के लिए डेयरी फेडरेशन बेहतर मॉडल विकसित करे। डेयरी क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। गोबर से कंप्रेस्ड बायो गैस के प्लांट स्थापित किये जाएं। इनकी स्थापना के लिए भूमि प्रदेश सरकार उपलब्ध कराएगी। बैठक में अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस वर्ष प्रदेश में संचालित डेयरी प्लांट्स अपनी स्थापित क्षमता के सापेक्ष लगातार अच्छा करने का प्रयास कर रहे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष दुग्ध उपार्जन, दुग्ध बिक्री में बढ़ोतरी रही है। दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम ने उत्पादकों से सीधे दुग्ध संग्रह का कार्य किया जा रहा है।

# ममता बनर्जी का पार्टी को स्पष्ट संदेश : अंतिम निर्णय मैं ही लूंगी

एजेंसी



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस में जारी अंतरकलह को लेकर पार्टी सुप्रीमो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट निर्देश दिया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया है कि सीएम ने एक तरह से अभिषेक बनर्जी के गुट को साफ मैसेज देते हुए कहा है कि जब तक वह हैं, तब तक उन्हीं का फैसला अंतिम फैसला होगा। दरअसल सोमवार को विधानसभा में उपचुनावों में विजयी हुए तृणमूल के छह विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद ममता ने पार्टी के विधायकों के साथ एक बैठक की थी। इसमें शामिल एक विधायक ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर मंगलवार सुबह बताया कि मुख्यमंत्री ने पार्टी के भीतर विवाद पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। इस बैठक में तृणमूल के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सुब्रत बक्शी भी मौजूद थे, जिन्हें ममता का करीबी माना जाता है। हाल ही में अभिषेक बनर्जी ने एक बयान में कहा था कि वह ₹मैं₹ के बजाय ₹हम₹ में विश्वास करते हैं और टीमवर्क को महत्व देते हैं। इस पर ममता बनर्जी ने सोमवार को जवाब देते हुए कहा कि पार्टी में अंतिम निर्णय वही लेंगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी में दूसरा कोई शक्ति केंद्र नहीं है।ममता ने विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह और सुब्रत बक्शी मिलकर पार्टी को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जितनी जल्दी हो सके पार्टी के छात्र और युवा संगठनों में बदलाव किए जाएंगे। ममता का यह बयान बीते शुक्रवार से शुरू हुई घटनाओं की एक कड़ी है। राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में ममता ने वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया था, जिन्हें उनका करीबी और विश्वासपात्र माना जाता है। इसके बाद, संसद में पार्टी के रुख को लेकर हुए विवाद में ममता ने कहा था कि यह निर्णय किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरी संसदीय टीम का होगा।शनिवार को डायमंड हार्बर में एक कार्यक्रम में अभिषेक बनर्जी ने कहा था कि वह चुनौतियों का सामना करना पसंद करते हैं और स्थिरता को नापसंद करते हैं। इसके दो दिन बाद ममता ने पार्टी विधायकों की बैठक बुलाकर यह स्पष्ट कर दिया कि वह ही पार्टी की चेयरपर्सन हैं और अंतिम निर्णय उन्हीं का होगा।

# राष्ट्रपति मुर्मु सात दिसंबर तक ओडिशा के दौरे पर

एजेंसी



**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से सात दिसंबर तक ओडिशा के दौरे पर रहेंगी। वो आज सबसे पहले पंडित रघुनाथ मुर्मु की नई प्रतिमा का अनावरण करेंगी और भुवनेश्वर में आदिम ओवार जरपा जाहेर का दौरा करेंगी। उनके कार्यक्रम का विवरण भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने जारी किया है।पीआईबी के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मु चार दिसंबर को पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगी। वह पुरी के गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में भी शामिल होंगी। इसके अलावा पुरी के ब्लू फ्लैग बीच पर नौसेना दिवस समारोह और परिचालन प्रदर्शन में सम्मिलित होंगी।पत्र एवं सूचना कार्यालय के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पांच दिसंबर को ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भुवनेश्वर के 40वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद भुवनेश्वर में नए न्यायिक न्यायालय परिसर का भी उद्घाटन करेंगी। छह दिसंबर को राष्ट्रपति उपरबेड़ा में छात्रों और ग्रामीणों से बातचीत करेंगी। इसके बाद राइरंगपुर में महिला महाविद्यालय की छात्राओं और शिक्षकों से भी बातचीत करेंगी।पीआईबी के अनुसार, अगले दिन सात दिसंबर को राष्ट्रपति बांगिरिपोसी-गोरुमहिसानी, बुरामारा-चाकुलिया और बादामपहाड़-केंदुझारगढ़ रेल लाइन, जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र, राइरंगपुर, दंडबोस हवाई अड्डा, राइरंगपुर और उप-मंडल अस्पताल, राइरंगपुर सहित विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगी।

## मक्का बुवाई तकनीकों के आकलन पर ओएफटी परीक्षण का आयोजन

एजेंसी

**बेतिया :** कृषि विज्ञान केंद्र(केवीके)मधोपुर, पश्चिम चंपारण ने मक्का की बुवाई के लिए उन्नत तकनीकों के आकलन हेतु ऑन-फार्म ट्रायल (ओएफटी) का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम नोतन और मझौलिया ब्लॉक के आठ किसानों के खेतों पर किया गया, जिसका उद्देश्य मक्का की उत्पादकता बढ़ाने और किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से परिचित कराना था। आयोजन का नेतृत्व डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख, केवीके मधोपुर के मार्गदर्शन में किया गया। ओएफटी का संचालन डॉ. चेलपुरी रामुलु, एसएमएस (कृषि अभियांत्रिकी), केवीके मधोपुर ने किया। कार्यक्रम में किसानों को मक्का की उन्नत बुवाई विधियों, मशीनों के उपयोग और जल प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। नौतन और मझौलिया ब्लॉक के आठ विभिन्न स्थानों पर किसानों के खेतों को इस परीक्षण के लिए चुना गया।।परीक्षण के दौरान किसानों को उन्नत बुवाई तकनीकों का प्रदर्शन कर वास्तविक फसल प्रबंधन और उत्पादन लाभ के बारे में जानकारी दी गई। किसानों ने उन्नत बुवाई विधियों के प्रति उत्साह दिखाया और इन्हें अपनाने की इच्छा जताई। उन्होंने बताया कि पारंपरिक विधियों की तुलना में इन तकनीकों से समय की बचत होगी और मक्का उत्पादन में भी बढ़ोतरी की संभावना है।

# शेयर बाजार के शुरूआती कारोबार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट भी आई, लेकिन ये गिरावट अधिक देर तक नहीं टिकी। पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने रफ्तार पकड़ ली। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी पोर्ट्स, श्रीराम फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, ओएनजीसी और सिप्ला के शेयर 3.57 प्रतिशत से लेकर 1.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईटीसी, भारती एयरटेल, ट्रेंट लिमिटेड, सन फार्मास्यूटिकल्स और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 2.11 प्रतिशत से लेकर 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,352 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,870 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 482 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 8 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।बीएसई का सेंसेक्स आज 281.12 अंक की मजबूती के साथ 80,529.20 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 80,244.78 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद खरीदारी का जोर बन जाने के कारण इस सूचकांक ने तुरंत ही हरे निशान में वापसी कर ली?। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 217.20 अंक की तेजी के साथ 80,465.28 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 91.45 अंक उछल कर 24,367.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक पहले 15 मिनट में ही गिर कर 24,280 अंक के स्तर तक आ गया, लेकिन इसके बाद खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने दोबारा रफ्तार पकड़ ली। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 63.30 अंक की मजबूती के साथ 24,339.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 445.29 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,248.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल सपाट स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान आमतौर पर खरीदारी का जोर बना रहा। एशियाई बाजारों में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। टेक शेयरों में आई तेजी के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। नैस्डेक और एसएंडपी 500 इंडेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। इस साल जनवरी से लेकर अभी तक एसएंडपी 500 इंडेक्स 54 बार मजबूती का नया रिकॉर्ड बना चुका है। पिछले सत्र के कारोबार के दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,047.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 185.38 अंक यानी 0.96 प्रतिशत उछल कर 19,403.55 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 1.01 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 44,783.01 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिमला : रामपुर में नदी में गिरी कार, दंपति समेत तीन की मौत




**शिमला :** शिमला जिला के रामपुर उपमंडल में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक कार अनियंत्रित होकर मच्छाड नदी में जा गिरी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और एक घायल है। मृतकों में दंपति भी शामिल है। ये हादसा सोमवार देर शाम भद्राश के पास हुआ, जब कार सवार चार लोग रामपुर से ननखड़ी स्थित अपने गांव जा रहे थे कि अचानक उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ये सभी ननखड़ी तहसील के बजेटली गांव के रहने वाले हैं। मृतकों में पति–पत्नी और उनका एक परिचित शामिल था। मृतकों की पहचान कार चालक 27 वर्षीय मिंटू चौहान पुत्र यशपाल, 28 वर्षीय शीतल पत्नी मिंटू चौहान और 24 वर्षीय अलोक शर्मा पुत्र राम कुमार के रूप में हुई है। घायल का नाम 23 वर्षीय अरूण चौहान पुत्र विरेंद्र चौहान है।
हादसे की सूचना मिलते ही रामपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य चलाया। हताहतों व घायल को निकालने के लिए पुलिस जवानों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। तीन कार सवार मौके पर मृत पाए गए। एक घायल को उपचार के लिए रामपुर के खनेरी अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे की वजह तेज रफ्तार मानी जा रही है। मृतकों में पति–पत्नी और उनका एक परिचित शामिल था। हादसे के बाद कार के गिरने की आवाज सुनकर कुछ स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन जब तक बचाव कार्य शुरू हुआ तब तक तीन लोग दम तोड़ चुके थे। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस जगह पर पहले भी ऐसे हादसे हुए हैं। रामपुर के डीएसपी नरेश शर्मा ने मंगलवार को बताया कि तीनों व्यक्तियों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। अस्पताल में उपचाराधीन एक घायल की हालत खतरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर हादसे की जांच की जा रही है और जल्द ही दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा। शुरूआती जांच में तेज रफ्तार और कार पर नियंत्रण खोने से हादसे की वजह सामने आई है। इस घटना ने बजेटली गांव के लोगों को गहरे सदमे में डाल दिया है। मृतकों के परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है और लोग उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

### मीरजापुर : 8 से 16 दिसंबर तक सघन पल्स पोलियो अभियान



**मीरजापुर :** जिले में 8 दिसंबर से 16 दिसंबर तक सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसका शुभारंभ जिला महिला चिकित्सालय में नवजात शिशुओं को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया जाएगा। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सीएमओ कार्यालय स्थित विवेकानंद सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार ओझा ने की। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. ओझा ने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य 0 से 5 वर्ष तक के 3.90 लाख बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाना है। इसके लिए जिले में 1,862 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। साथ ही, 5 लाख घरों तक पहुंचने के लिए पोलियो टीम छह दिनों तक घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का कार्य करेगी।

### लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक



**नई दिल्ली :** घरेलू सरार्फा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने और चांदी के भाव में कमजोरी दर्ज की गई है। सोने आज 600 रुपये से 650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में भी 400 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये से लेकर 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये से लेकर 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत आज 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज गिरावट के कारण सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### प्रत्येक दिव्यांगजन को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए हम प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री डॉ यादव

**भोपाल :** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के रूप में मनाते हैं। यह खास दिन दिव्यांगों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिव्यांगजनों को समान अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंगलवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर उन दिव्यांग भाई–बहनों को नमन करता हूँ, जिन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी जिजीविषा, दृढ़ता और अटूट संकल्प के बल पर सफलता प्राप्त की और विषम चुनौतियों पर विजय प्राप्त कर नया अध्याय लिख दिया। आइये, इस अवसर पर दिव्यांगजनों की प्रगति में हम भी उनके साथी बनें और समान अवसर उपलब्ध कराएं।

### सुखबीर बादल व अन्य धार्मिक सजा भुगतने पहुंचे अकाल तख्त साहिब, बदला चोला

**चंडीगढ़ :** शिरोमणि अकाली दल (बादल) के पूर्व प्रधान और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल और बादल सरकार के पूर्व मंत्रियों आज सुबह चोला बदल गया। सभी ने अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह की कल सुनाई गई धार्मिक सजा का पालन शुरू कर दिया। आज सुबह सुखबीर बादल सभी नेताओं के साथ अमृतसर स्थित दरबार साहिब पहुंचे। बादल और पूर्व केंद्रीयमंत्री सुखदेव सिंह ढींडसा ने सेवादार का चोला पहना। गले में दोषी माफी वाली तख्ती लटकाने के बाद सुखबीर व ढींडसा दरबार साहिब की मुख्य ड्योढी के बाहर हाथों में बरछे लेकर बैठे। अकाल तख्त साहिब के प्रबंधक ने उनकी हाजिरी लगवाई। अकाली दल के कार्यवाहक अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़, दलजीत सिंह चीमा समेत कई नेता वहां मौजूद रहे। सुखबीर ने चौकीदार की सजा भुगतने के बाद बर्तन साफ करने व जोड़ाघर में जाकर भी सजा भुगती। सुखबीर बादल के पहली सजा भुगतने के बाद अकाली दल के अन्य सभी नेताओं ने भी आज अपनी धार्मिक सजा भुगतने की शुरूआत की। अन्य नेताओं को यहां के जनता शौचालयों की सफाई करने की सजा दी।

# विश्व विकलांगता दिवस पर जेके इंटरनेशनल स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता




















**मेट्रो रेज**

**रांची :** जेके इंटरनेशनल स्कूल,अगरु में मंगलवार को विश्व विकलांगता दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व विकलांगता दिवस के ऊपर विद्यार्थियों ने एक नृत्य के द्वारा दर्शाया कि विकलांग भले ही हैं परंतु वे अपना कार्य स्वयं कर सकते हैं। वह किसी पर आश्रित नहीं है। विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत करते समय सभी की आंखें नम थी। प्राचार्य खुशबू झा ने स्वयं विद्यार्थियों के द्वारा किए गए नृत्य की सराहना की और विद्यार्थियों को समझाया कि जो लोग विकलांग होते हैं उन्हें भगवान के द्वारा स्पेशल गिफ्ट मिलता है। एक तरफ विद्यार्थियों ने नृत्य के द्वारा विश्व विकलांगता दिवस मनाया तो दूसरी तरफ एक्सिस बैंक के द्वारा विद्यार्थियों के मध्य पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जेके इंटरनेशनल स्कूल एवं जे के हैप्पी फीट प्ले स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों को स्पेशल थीम दी गई थी। जैसे- क्रिसमस ट्री , मेरे सपनों का घर ,पानी बचाओ जीवन बचाओ और विविधता में एकता । जीतने वाले को एक लाख का इनाम भी रखा गया। एक्सिस बैंक के द्वारा किया गया आयोजन यादगार रहा ।प्राचार्य महोदय खुशबू झा ने विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए और उन्हें चित्रकारी करते हुए देखा तो अनायास ही वह बोल उठी- हमारे विद्यार्थी न केवल खेल में, पढ़ाई में बल्कि पेंटिंग में भी नंबर वन है। एक्सिस बैंक के झारखंड सर्किल हेड निहार रंजन पंडा, सर्किल सेल्स हेड रमणदीप रेखी, क्लस्टर सेल्स हेड रांची विनोद कुमार, सर्किल प्लानिंग मैनेजर रश्मि रूची, दलादली ब्रांच हेड अर्चित कुमार सिंह, मार्केटिंग हेड शिवाशीष सूर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज के सीईओ जेषु प्रधान, स्कूल की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती चद्रंशिखा सिंह, जेके हॅप्पी फीट की प्रार्चाय सुमन कुमारी ने तमाम बैंक अधिकारियों व कर्मियों का स्वागत किया।